दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 10 अंक : 282 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शुक्रवार 07 नवम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# कांग्रेस हमेशा लूट खसोट और तुष्टिकरण, भाजपा विजन और विकास की राजनीति करती है : भजनलाल शर्मा

## अंता के मांगरोल में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का ऐतिहासिक रोड शो, हजारों की तादाद में लोग रहे शामिल, सुभाष चौक सर्किल से शमशावली तिराहे तक पूरे रास्ते में फूलों की बरसात की गई रोड शो पर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने गुरुवार को अंता विधानसभा क्षेत्र के मांगरोल कस्बे में ऐतिहासिक रोड शो का आयोजन करके कांग्रेस पार्टी के रणनीतिकारों के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। सुभाष चौक चौराहे से शमशा वाली तिराहे तक आयोजित किए गए इस रोड शो में हजारों की संख्या में लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और रोड शो के पूरे रास्ते में रोड शो में मौजूद लोगों पर फूलों की बरसात की गई इस रोड शो में बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष भी नजर आए खास बात यह है कि अल्पसंख्यक इलाकों में भी रोड शो का जगह-जगह शानदार स्वागत किया गया यहां के राजनीति के जानकार लोगों में भी यह चर्चा हो रही थी कि मांगरोल जो कांग्रेस पार्टी का गढ़ हुआ करता था। वहां इस बार कांग्रेस पार्टी को कड़ी चुनौती मिल सकती है क्योंकि आजादी के बाद मांगरोल में सबसे पहले भी बहुत रोड शो और जनसभाएं यहां हुई लेकिन गुरुवार को भजनलाल शर्मा और वसुंधरा राजे के सामूहिक रूप से रोड शो के आयोजन किए जाने के बाद अब मांगरोल में कहीं ना कहीं भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस की तुलना में चुनाव प्रचार में काफी आगे निकल गई है। रोड शो के दौरान पूरे रास्ते पर रोड के दोनों और लोग कतार बंद होकर भजन लाल और वसुंधरा राजे का स्वागत कर रहे थे तथा रोड शो के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए विजय रथ पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन के दाएं बाएं खड़े हुए थे पीछे उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बेरवा और जोगाराम पटेल और क्षेत्र के अन्य वरिष्ठ नेता खड़े हुए थे पूरे रास्ते के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दोनों हाथों से हाथ जोड़कर पब्लिक का अभिवादन कर रहे थे। इस दौरान कोई उन्हें फूल माला पहनने की कोशिश भी करता हुआ दिखे तो मुख्यमंत्री शर्मा उन्हें दूर से ही इशारा करके यह समझा देते थे कि आप फूलमाला फेंक दो मैं स्वीकार कर लेता हूं इस तरह से मुख्यमंत्री शर्मा की सादगी रोड शो में चर्चा का विषय बनी रही तो वसुंधरा राजे तो यहां से पांच बार सांसद रह चुकी हैं और दो बार प्रदेश की मुख्यमंत्री रह चुकी हैं वसुंधरा राजे पहले से ही इस इलाके की काफी लोकप्रिय नेता मानी जाती हैं ऐसी स्थिति में रोड शो की विशालता और भव्यता में चार चांद लगा तो निश्चित था ही







## हमारे 2 साल और उनके 5 साल इस पर कांग्रेस के नेता कुछ नहीं बोलते

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि उनकी सरकार ने अब तक करीब 2 साल में जो कार्य प्रदेश में किए हैं उतने कार्य पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार ने पूरे 5 साल में नहीं किया उन्होंने कहा कि मैं जहां भी जाता हूं खुले मंच से कांग्रेस पार्टी के नेताओं को बोलता हूं हमारी सरकार के 2 साल के काम और पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार के 5 साल के काम तुलना कर लीजिए किसने ज्यादा कार्य किया लेकिन उनके इस सवाल का जवाब कांग्रेस पार्टी के किसी भी नेता ने नहीं दिया क्योंकि उनके पास इस सवाल का जवाब है ही नहीं इसलिए किसी भी कांग्रेस पार्टी के नेता ने उनके इस चैलेंज को अब तक स्वीकार नहीं किया उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी झूठे वादे और तुष्टिकरण की राजनीति नहीं करती भाजपा अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति का विकास करने को प्राथमिकता देते हुए कार्य करती है उन्होंने कहा कि पिछले 20 महीना में ही राजस्थान में पानी बिजली सौर ऊर्जा उद्योगचिकित्सा सड़क शिक्षा इत्यादि सभी क्षेत्रों में बड़े-बड़े निर्णय बड़े-बड़े फैसले लिए गए और हर क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किया

## वसुंधरा राजे ने मुख्यमंत्री शर्मा की खूब प्रशंसा की और मोरपाल सुमन को सीधा सरल सच्चा प्रत्याशी बताया

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने रोड शो के समापन के बाद लोगों से कहा कि आप सब अक्सर यह चर्चा करते हैं कि नेता आते हैं और भाषण देकर चले जाते हैं लेकिन आज हम यहां भाषण देने के लिए और जाने के लिए नहीं आए हैं ।आज मुख्यमंत्री भजनलाल अपने व्यस्त कार्यक्रम में से समय निकालकर आपके बीच आए हैं ।इनका यहां आना और सिक्योरिटी नहीं लेना यह बताता है कि वे आपकी तकलीफों के लिए और क्षेत्र की समस्याओं के लिए कितने गंभीर हैं। वसुंधरा राजे ने कहा कि आपको यह शिकायत रहती थी कि गली मोहल्लों की समस्याएं किसको बताने जाएं अब आपको हमने एक ऐसा सीधा सरल सच्चा कैंडिडेट दे दिया है जिसके पास आप किसी भी समय कोई भी समस्या लेकर जा सकते हैं आप इन्हें विधानसभा में भेजिए यह आपकी हर समस्या को सुलझाएंगे क्योंकि मोरपाल सुमन हमेशा आपके बीच में रहते हैं ।इसीलिए राजस्थान सरकार ने इन्हें कैंडिडेट चुनाव है अब यह आपकी जिम्मेदारी बनती है कि इन्हें अपना मत और समर्थन दें ।

## हमने 2 साल में जो कार्य किया वे कार्य कांग्रेस पार्टी की सरकार ने 5 साल में नहीं किए : भजनलाल शर्मा....

रोड शो के समापन के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने विजय रथ से ही लोगों को संबोधित किया मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा लूट खसोट और तुष्टिकरण की राजनीति की है जबकि भारतीय जनता पार्टी विजन और विकास की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी, सोनिया गांधी, राजीव गांधी और अब राहुल गांधी यह सब नेता देश में गरीबी मिटाने का नारा देते रहे हैं लेकिन सत्ता में आने के बाद इन्होंने देश की गरीबी तो मिटाई नहीं बल्कि गरीब को ही मिटा दिया जबकि वर्ष 2014 के बाद नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद एनडीए की सरकार ने देश में गरीबी मिटाने के लिए कई जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की मजदूर किसान युवा महिलाओं के विकास के लिए कई बड़े निर्णय लिए गए जिसकी बदौलत देश में गरीबी की संख्या से निकालकर बहुत से परिवार ऊपर उठे हैं यह सब मोदी सरकार की वजह से हुआ है राजस्थान में भी डबल इंजन की सरकार हर क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य कर रही है ।उन्होंने कहा कि अंता विधानसभा सीट ही नहीं बल्कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर विकास कार्य करवा रही है।इस मौके पर मुख्यमंत्री शर्मा ने बाकायदा पिछले 2 साल में अंता विधानसभा क्षेत्र में जो कार्य हुए उन्हें बताया और आगे यह भी कहा कि अंता विधानसभा क्षेत्र की जो भी समस्याएं और मांग है उन्हें सरकार दूर करेगी मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि रोड शो के दौरान उन्होंने यहां देखा की बड़ी संख्या में युवा आए हुए हैं शर्मा ने युवाओं से कहा कि वह निश्चिंत होकर पढ़ाई करें सरकार हर साल 100000 सरकारी नौकरियां दे रही हैं आने वाले सालों में भी बड़ी संख्या में सरकारी भर्तियां निकलने वाली है निजी क्षेत्र की कंपनियों से भी सरकार संपर्क में है ।सरकार निजी क्षेत्र की कंपनियों के माध्यम से भी प्रदेश के युवाओं को रोजगार दिलाने का प्रयास कर रही है इसके अलावा स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम के माध्यम से भी प्रदेश के युवाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा है ।उन्होंने कहा कि प्रदेश में पिछले दो साल में एक भी भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी और पेपर लीक जैसी कोई शिकायत सामने नहीं आई जबकि कांग्रेस पार्टी की पिछली सरकार में पूरे 5 साल तक जितनी भी सरकारी भर्ती परीक्षाओं का आयोजन हुआ उन सब परीक्षाओं में पेपर लीक और गड़बड़ी के मामले सामने आए जिसकी पीड़ा प्रदेश के युवाओं को भोगनी पड़ी लेकिन भाजपा की सरकार हर परीक्षा के आयोजन को गंभीरता से ले रही है इसी का नतीजा है कि सभी परीक्षाएं पारदर्शक ढंग से आयोजित हो रही है घ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते हैं उनके पास अब भी बहुत से लोग आते हैं और कई तरह की बातें भी करते हैं उनके चमचे भी आते हैं और कई बात करते हैं लेकिन मैं सबको कहना चाहता हूं कि भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा और जो भी भ्रष्टाचार करेगा वह जेल की सलाखों के पीछे जाएगा ।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सांसद दुष्यंत सिंह की तारीफ की

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने झालावाड़ सांसद दुष्यंत सिंह की भी खूब तारीफ की और कहा कि दुष्यंत सिंह को हमने यहां का चुनाव प्रभारी बनाया है और पहले ही दिन से दुष्यंत सिंह पैदल चलकर लोगों से मुलाकात कर रहे हैं भाजपा का समर्थन मांग रहे हैं साधारण बात नहीं है उन्होंने कहा कि भाजपा के जनप्रतिनिधि और संगठन से जुड़े सभी नेता इलाके में चारों तरफ जाकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं घर-घर लोगों से मुलाकात कर रहे हैं। भाजपा धनबल की राजनीति नहीं करती बल्कि हर जाति और बिरादरी के लोगों का समान भाव से विकास करने के विजन की राजनीति करती है ।

## विजय रथ पर भजनलाल और वसुंधरा राजे को साथ देखकर विरोधी दल के नेताओं की जुबान बंद

अंता विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी चयन में विलंब होने पर कांग्रेस पार्टी के नेता यह कहते थे कि भारतीय जनता पार्टी में टिकट वितरण को लेकर जोरदार मनमुटाव की स्थिति बनी हुई है इसलिए प्रत्याशी का चयन नहीं हो पा रहा लेकिन मोरपाल सुमन के समर्थन में गुरुवार को आयोजित रोड शो में विजय रथ पर वसुंधरा राजे और भजनलाल शर्मा को साथ साथ देखने के बाद अब विपक्ष के नेताओं की जुबान भी बंद हो गई है यहां भजनलाल शर्मा और वसुंधरा राजे के चुनाव प्रचार करने नहीं आने पर भी विरोधी दल के नेता कई तरह की बातें कर रहे थे लेकिन गुरुवार को इन दोनों ही बड़े नेताओं ने दमदार तरीके से रोड शो का आयोजन करके एक तरफ जहां कांग्रेस पार्टी के नेताओं की जुबान बंद कर दी है तो दूसरी तरफ अंता विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के छोटे-बड़े सभी नेताओं में ही एकता का भाव मजबूत नहीं हुआ है बल्कि पूरे प्रदेश के भाजपा के छोटे-बड़े नेताओं में एकता का भाव मजबूत हुआ है भजनलाल शर्मा और वसुंधरा राजे इन दोनों ही नेताओं ने एक साथ सामूहिक उपस्थित दिखाकर यह बता दिया है कि राजस्थान में भाजपा पूरी तरह से एकजुट है ।

# भारतीय ट्राइबल पार्टी के 45 नेता कांग्रेस में शामिल, डोटासरा ने करवाई जॉइनिंग

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान कांग्रेस के लिए गुरुवार का दिन शुभ रहा जब भारतीय ट्राइबल पार्टी के 45 नेताओं ने राजस्थान कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की भारतीय ट्राइबल पार्टी के बांगड़ इलाके के यह सभी नेता भारतीय ट्राइबल पार्टी के संगठन में बड़ी भूमिका निभा रहे थे । लेकिन इन नेताओं का कहना है कि भारतीय ट्राइबल पार्टी में उनकी इज्जत नहीं की जा रही थी अपने आप को अपमानित समझ रहे थे। इसलिए उन्होंने पार्टी को छोड़ना ही बेहतर समझा भारतीय ट्राइबल पार्टी के इन सभी नेताओं को कांग्रेस विधायक गणेश गोगरा साथ लेकर कांग्रेस कार्यालय में पहुंचे थे । जहां पर गोविंद सिंह डोटासरा ने इन सभी नेताओं को कांग्रेस पार्टी के सदस्यता ग्रहण करवाई इस मौके पर गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही आदिवासी भाइयों से मजबूत रही है किसी कारणवश आदिवासी समुदाय के लोग कांग्रेस से अलग हुए जिसकी वजह से कांग्रेस को भी नुकसान हुआ लेकिन कांग्रेस पार्टी ने हमेशा से ही आदिवासियों के कल्याण और विकास के लिए कार्य किया है। डोटासरा ने पार्टी में ज्वाइन करने वाले भारतीय ट्राइबल पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं को विश्वास दिलाया कि नगर निकाय और पंचायत राज संस्था के चुनाव में उन्हें टिकट दिया जाएगा और कांग्रेस पार्टी राजस्थान विधानसभा में भी आदिवासियों के हितों और कल्याण के लिए पहले भी आवाज उठाती रही है और आगे भी आवाज उठाती रहेगी डोटासरा ने कहा कि प्रदेश के आदिवासी बहुल इलाकों में कांग्रेस पार्टी को हमेशा से आदिवासी समाज का समर्थन मिलता रहा है और कांग्रेस पार्टी ने भी सरकार बनने पर आदिवासी समाज का खूब विकास किया है बताया गया है कि भारतीय ट्राइबल पार्टी के जिन नेताओं की कांग्रेस पार्टी में जॉइनिंग हुई है इस जॉइनिंग में कांग्रेस विधायक गणेश घोघरा का बड़ा हाथ रहा है घोघरा के प्रयासों से ही भारतीय ट्राइबल पार्टी के संगठन से जुड़े यह सभी बड़े नेता कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए निश्चित रूप से इन नेताओं के कांग्रेस पार्टी में शामिल होने से वागड़ इलाके में कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिलेगी । इस बीच पत्रकारों से बातचीत के दौरान डोटासरा ने कहा कि मतदाता सूची गहन निरीक्षण कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी की ओर से 52339 बूथ लेवल ऑफिसर के नाम निर्वाचन विभाग को सोपे जाएंगे अभी यह कार्य लंबा चलेगा इसलिए 14 नवंबर के बाद कांग्रेस पार्टी की ओर से बूथ लेवल ऑफिसर की जो सूची तैयार की गई है वह निर्वाचन विभाग को सौंप जाएगी। उन्होंने एक सवाल के जवाब में बताया कि बिहार की तुलना में राजस्थान में चुनाव आयोग की ओर से मतदाता सूची गहन निरीक्षण का जो कार्य चल रहा है उसमें दस्तावेजों में कुछ डील दी गई है यह डील राहुल गांधी की वजह से ही मिली है क्योंकि राहुल गांधी ने बिहार में मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य को लेकर जोरदार तरीके से सवाल खड़े किए थे। जिसके बाद राजस्थान में चुनाव आयोग ने दस्तावेज प्रस्तुत करने में थोड़ा नरम व्यवहार अपनाया है लेकिन फिर भी राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी इस अभियान की आड़ में पंचायत राज और नगर निकाय चुनाव में अपनी जीत को सुनिश्चित करने के लिए अपने स्तर पर मतदाता सूची के शुद्धिकरण के कार्य को प्रभावित करने का प्रयास करेगी इसलिए हमने भी अपने स्तर पर भूत लेवल ऑफिसर की अपने बूथ लेवल ऑफिसर की लिस्ट तैयार कर ली है और यह सभी नेता चुनाव आयोग के संपर्क में रहेंगे ताकि भारतीय जनता पार्टी मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य में मनमानी ना कर सके एक अन्य सवाल के जवाब में डोटासरा ने कहा कि शासन सचिवालय में मंत्रियों के कक्ष में मुश्किल से दो-तीन लोग दिखाई देते हैं जनता का कोई काम हो ही नहीं रहा प्रदेश की जनता राम भरोसे है ना कोई जनसुनवाई हो रही है और अगर कोई जनसुनवाई होती भी है तो वहां पर बहुत कम लोग पहुंचते हैं क्योंकि उन्हें पता है उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई होगी ही नहीं तो फिर लोग जनसुनवाई के कार्यक्रमों में जाने से परहेज भी कर रहे हैं।

## सड़क सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार सख्त

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर नगरीय निकायों में विशेष अभियान, 30 दिसम्बर तक प्रगतिरत व नवीन कार्य पूर्ण करने के निर्देश

### फुटपाथ व सड़क होंगे अतिक्रमण मुक्त, अनाधिकृत रोड़ कट होंगे तत्काल बन्द

### डिवाइडर व फुटपाथ रिपेयरिंग, यातायात संकेतक लगाने एवं स्वच्छता संबंधी कार्य होंगे व्यापक स्तर पर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राज्य सरकार सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार नगरीय विकास विभाग ने सभी नगरीय निकायों को प्रगतिरत एवं आवश्यकतानुसार नवीन कार्यों को विशेष अभियान चलाकर आगामी 30 दिसम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा और नागरिक सुविधा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और प्रत्येक नगरीय क्षेत्र में सड़क नवीनीकरण, फुटपाथ व डिवाइडर मरम्मत एवं रखरखाव, स्वच्छता और यातायात संकेतक कार्य त्वरित गति से पूर्ण किए जाएं।

### फ्लाईओवर, ओवरब्रिज, अण्डरपास आदि के प्रारम्भ स्थलों पर लगाए जाएंगे रेट्रोरिफ्लेक्टिव बोर्ड

मुख्यमंत्री शर्मा के निर्देशानुसार सभी





नगरीय निकायों में विशेष अभियान चलाकर अनाधिकृत रोड़ कट तत्काल बन्द किए जाएंगे एवं सडकों के जंक्शन के आस-पास अनावश्यक झाड़ियों को हटाया जाएगा। इसी तरह सड़कों के जंक्शन पर आवश्यकतानुसार स्लिप लेन निर्माण, फ्लाईओवर, ओवरब्रिज, अण्डरपास आदि के प्रारम्भ स्थलों एवं घुमाव पर वाहन खड़े नहीं करने सहित अन्य गतिविधियों के लिए रेट्रोरिफ्लेक्टिव बोर्ड लगाए जाएंगे। जेब्रा क्रॉसिंग, थर्मोप्लास्ट पेन्ट एवं सडक डिवाइडर के रंग-रोगन के कार्य नियमित रूप से किये जाएंगे। साथ ही, नगरीय क्षेत्र की सड़कों के नवीनीकरण के समस्त कार्य आगामी 31 मार्च तक आवश्यक रूप से पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त नगरीय निकाय द्वारा निर्माण स्थल पर जिम्मेदार अधिकारियों एवं संवेदको की सूचना, कार्य की लागत राशि एव समयावधि की जानकारी प्रदर्शित की जाएगी ताकि आमजन द्वारा किसी भी असुविधा की स्थिति में संबंधित अधिकारी से सम्पर्क किया जा सके।

### सीबीयूडी ऐप पर खुदाई कार्यों की अनिवार्यता, उल्लघंन पर होगी कार्रवाई

नगरीय विकास विभाग ने सभी नगर निकायों को सडकों पर खुदाई कार्यों से पूर्व प्रस्तावित कार्य का ब्यौरा सीबीयूडी ऐप पर आवश्यक रूप से अंकित करने एवं ऐप पर अंकन किए बिना संपादित कार्य पर पैनल्टी लगाने के प्रावधान के सख्त निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि सीबीयूडी ऐप पर बिना इन्द्राज किए खुदाई कार्य करने के संबंध में राज्य सरकार के द्वारा कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही, कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए संबधित इंजीनियर इन्चार्ज एवं संवेदक के उत्तरदायित्व का भी निर्धारण होगा।

### क्षतिग्रस्त फेरोकवर एवं मैनहोल कवर का होगा मेंटीनेंस,लगाए जाएंगे सांकेतिक रिफ्लेक्टिव बोर्ड

*इसी तरह आमजन की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए विशेष अभियान चलाकर डिवाइडर एवं फुटपाथ रिपेयर के कार्य किए जाएंगे। इस दौरान निकाय क्षेत्रों में खुले नाले-नालियों को सुरक्षित रूप से ढकने, क्षतिग्रस्त फेरोकवर एवं सीवर लाइन के मैनहोल कवर के मेंटीनेंस का काम भी व्यापक स्तर पर किया जाएगा ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की आशंका नहीं रहे। इसी तरह भीड़भाड़ वाले स्थानों पर डिवाइडर पर मजबूत रेलिंग की पुख्ता व्यवस्था भी की जाएगी। नगरीय निकाय द्वारा विशेष तौर पर नियमित रूप से अलग-अलग क्षेत्रों का चिन्हीकरण कर फुटपाथों व सड़कों से अतिक्रमण हटवाए जाएंगे एवं व्यावसायिक वाहनों हेतु पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही, सडकों के किनारे एवं डिवाइडर पर लगी झाडी, पेड पौधों की नियमित कटाई, छंटाई एवं रखरखाव तथा सार्वजनिक स्थानों, फुटपाथ एवं सड़कों पर बिजली के खुले तारों को तत्काल व्यवस्थित किया जाएगा।*

# पालनहार योजना के लाभार्थी यथाशीघ्र करावे वार्षिक सत्यापन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित पालनहार योजना के लाभार्थी वर्ष 2025-26 हेतु वार्षिक सत्यापन ई-मित्र/पालनहार योजना की मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से यथाशीघ्र करावे। वार्षिक नवीनीकरण के अभाव में लाभार्थी के लाभ की राशि रूक जाएगी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित पालनहार योजना राज्य की कल्याणकारी एवं स्टेट फ्लैगशिप स्कीम है। इसमें प्रत्येक शैक्षणिक सत्र के प्रारम्भ में 0 से 6 वर्ष तक के बालक/बालिकाओं का आंगनबाडी केंद्र का पंजीकरण प्रमाण पत्र एवं 6 से 18 वर्ष का शैक्षणिक सत्रा में स्कूल में अध्ययनरत होने का प्रमाण पत्र नजदीकी ई-मित्र से अपलोड करवाकर नवीनीकरण किया जाना आवश्यक है। आवेदक द्वारा स्वयं के जीवित होने (बायोमैट्रिक सत्यापन) एवं बच्चों के आंगनबाडी में पंजीकृत/विद्यालय में अध्ययनरत रहने का वार्षिक नवीनीकरण करवाना भी अनिवार्य होगा। पालनहार द्वारा निर्धारित समयावधि के भीतर सत्यापन नहीं करवाने की स्थिति में लंबित शैक्षणिक सत्रा के लिए स्थाई रूप से निरस्त कर दिया जाएगा तथा आवेदक उक्त अवधि का लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र नहीं होगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 का वार्षिक नवीनीकरण माह जुलाई 2025 से प्रारम्भ हो गया है अतः सभी पालनहार लाभार्थी नजदीकी ई-मित्र पर विद्यालय से बना नियमित अध्ययनरत प्रमाण पत्र सत्र 2025-26 का ले जाकर अपने आवेदन का नवीनीकरण करावे, ताकि इस वर्ष का भुगतान नियमित रूप से किया जा सके। अधिक जानकारी के लिए जिला कार्यालय उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग अलवर एवं ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

# तीन दिवस में 82,441 गणना प्रपत्रों का घर-घर वितरण

### विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तृतीय दिवस तक जिले में 82,441 गणना प्रपत्रों का वितरण

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 कार्यक्रम के प्रथम चरण में जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ (बूथ स्तर अधिकारी) द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित करने का कार्य किया जा रहा है। यह अभियान आगामी एक माह तक संचालित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत प्रत्येक मतदाता से व्यक्तिगत संपर्क कर उनके मतदाता विवरण का सत्यापन एवं अद्यतन किया जाएगा। कार्यक्रम के आरंभ होने के पश्चात तृतीय दिवस तक किशनगढ़-बास विधानसभा क्षेत्र में 25676, तिजारा विधानसभा क्षेत्र में 30135 तथा मुंडावर विधानसभा क्षेत्र में 26630 गणना प्रपत्र वितरित किए गए। इस प्रकार तीन दिन में कुल 82441 गणना प्रपत्र जिले में घर-घर पहुंचाए गए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने विशेष रूप से युवा मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे अपने और अपने परिवार के सदस्यों के गणना प्रपत्र ऑनलाइन माध्यम से भरने को प्राथमिकता दें, जिससे प्रक्रिया और अधिक सहज एवं पारदर्शी बन सके। इस विशेष अभियान का लक्ष्य मतदाता सूची को पूर्ण रूप से अद्यतन, सटीक एवं त्रुटि रहित बनाना है, जिससे प्रत्येक पात्र नागरिक को अपने मताधिकार का सुगमता से उपयोग करने का अवसर मिल सके।

# गौशाला मे अन्नकूट महोत्सव 9 को

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)** गौशाला स्टेशन रोड में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल अन्नकूट महोत्सव का आयोजन 9 नवंबर रविवार को किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे से शुरू होगा समिति ने स्पष्ट किया कि कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की पैकिंग या टिफिन की व्यवस्था नहीं होगी, इसलिए प्रसादी स्थल पर ही ग्रहण करनी होगी कार्यक्रम का संचालन प्रमुख गौसेवक अजय अग्रवाल, गौशाला सचिव राकेश जैन एवं अन्नकूट संयोजक रवि अग्रवाल सहित पूरी कार्यसमिति द्वारा किया जाएगा।

# थामली पंचायत में घर घर



# जाकर किया जनसंपर्क

जयपुर टाइम्स

**अंता(निसं.)।** पंचायत उपचुनाव प्रभारी व प्रदेश सचिव राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी माया सुवालका ने थामली पंचायत में होने जा रहे उप चुनाव में पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया के समर्थन में घर घर जाकर जन संपर्क किया। लोगों को भाया के द्वारा किए गए विकास कार्यो एवं जनहित में किए गए कार्यो के बारे में बताया। लोगों से कांग्रेस पार्टी के हाथ मजबूत करने की अपील की।

# हनुमान मंदिर भूरासिद्ध पर हुआ



# अन्नकूट प्रसादी का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा की ओर से गुरुवार को जयपुर रोड पर प्राचीन भूरासिद्ध हनुमान मंदिर पर अनुकूट का आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने अन्नकूट की प्रसादी पाई।

# जिला कलक्टर ने की फ्लैगशिप योजनाओं में प्रगति की समीक्षा

### जनकल्याणकारी योजनाओं का यथाशीघ्र धरातल पर क्रियान्वयन कर सभी पात्र व्यक्तियों को लाभांवित कराना करें सुनिश्चित - जिला कलक्टर

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर फ्लैगशिप योजनाओं में प्रगति एवं प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम की कार्ययोजना की समीक्षा कर फ्लैगशिप योजनाओं की समयबद्ध क्रियान्वित्त के दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने पीडब्ल्यूडी, चिकित्सा, कृषि, उद्योग, ट्यूरिज्म, पीएचईडी, यूआईटी, नगर निगम, जेवीवीएनएल इत्यादि विभागों की फ्लैगशिप योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा कर निर्देश दिये कि संबंधित विभागीय अधिकारी अंतर विभागीय समन्वय स्थापित कर योजनाओं को सैचुरेशन स्तर तक क्रियान्वित्त करें, ताकि आमजन को योजनाओं का यथाशीघ्र लाभ मिल सके। उन्होंने प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम की कार्ययोजना की समीक्षा कर संबंधित विभागों को विभागीय कार्यों व परियोजनाओं की सूची तैयार कर यथासमय भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने जयपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि पीएम कुसुम योजना कम्पोनेंट ए में शत-प्रतिशत प्रगति अर्जित करें तथा हैम मॉडल पर मिनी सचिवालय में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिये कि पीएम कुसुम कम्पोनेंट योजना सी में प्रगतिरत कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करावें। उन्होंने कंपोनेंट बी में हॉर्टिकल्चर विभाग के उपनिदेशक को किसानो की हैंड होल्डिंग कर योजना में प्रगति लाने के निर्देश दिए। साथ ही और अधिक ऊर्जा संयंत्रों की स्वीकृति बढाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि संशोधित वितरण क्षेत्र योजना में नवंबर माह के अंत तक 70' कार्य पूर्ण करावें। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि पीएम स्वनिधि योजना में प्रगति लाते हुए अधिकाधिक पात्र स्ट्रीट वेंडर्स को लाभांवित करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि स्वामित्व योजना के पोर्टल को समयबद्ध अपडेट करना सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर ने चिकित्सा विभाग विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य एवं अवसंरचना मिशन के तहत बीपीएचयु व सब-सेंटर की प्रगति बढ़ाने तथा शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर के तहत आरोग्य केंद्रों को 30 नवंबर तक प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक को निर्देश दिये कि चिकित्सा विभाग से समन्वय कर लाडो प्रोत्साहन योजना में निरंतर मॉनिटरिंग के माध्यम से प्रगति हासिल कर जिले की रैंकिंग में सुधार का प्रयास करें। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण , प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में लाभार्थियों को ऋण वितरण कराने, पांच गौरव, कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान, एनएफएसए के तहत आवेदनों का डिस्पोजल, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, जल जीवन मिशन, अमृत योजना इत्यादि फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा निर्देश दिए कि सभी योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग करें। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि अन्य योजनाओं की मॉनिटरिंग की कार्य योजना बनाकर उसे अमल में लाए। बैठक में जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियांता रमेश सैनी, यूआईटी के अधीक्षण अभियंता तैयब खान, जीएम डीआईसी एम.आर मीना, रीको के क्षेत्रीय प्रबंधक परेश सक्सेना, महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक ऋषिराज सिंगल, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीणा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# विधायक ने दिया बूथ सशक्तिकरण पर जोर, कई गांवों में किया जनसंपर्क

जयपुर टाइम्स



**बहरोड़(निसं.)।** विधायक डॉ. जसवंत सिंह यादव ने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत माजरी मंडल एवं बहरोड़ मंडल में आयोजित बीएलए-2 की मंडलवार कार्यशालाओं में भाग लिया। इस दौरान डॉ. यादव ने बूथ स्तर के प्रत्येक कार्यकर्ता से संवाद करते हुए संगठनात्मक सुदृढ़ता और जनसंपर्क के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि 'संगठन की मजबूती का आधार बूथ स्तर का कार्यकर्ता है। जब प्रत्येक कार्यकर्ता सक्रिय रहेगा, तभी संगठन और समाज दोनों प्रगति करेंगे।' डॉ. यादव ने कहा कि इन कार्यशालाओं के माध्यम से संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता तक बूथ सशक्तिकरण का संदेश पहुँच रहा है, जिससे क्षेत्र में जनसंपर्क और सहभागिता की भावना और मजबूत हो रही है। इसी क्रम में डॉ. जसवंत सिंह यादव ने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बालपुरा, कल्याणपुरा, हमजापुर, माजरी कलां, डूमरोली और मावड़ी गांवों में आयोजित विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में भी सहभागिता की। ग्रामवासियों से आत्मीय मुलाकात करते हुए उन्होंने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों और जनसुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि 'क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है, और जनता की सक्रिय भागीदारी से ही हर गांव सशक्त और आत्मनिर्भर बन सकता है।' डॉ. यादव ने क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और आधारभूत ढांचे के विस्तार को अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि हर गांव को बेहतर सुविधाओं से जोड़ने का कार्य निरंतर गति से जारी है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 'जनता का विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी शक्ति है, और इसी विश्वास के साथ मैं क्षेत्र की सेवा में समर्पित हूँ।' ग्रामवासियों ने डॉ. जसवंत सिंह यादव का तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया और उनके नेतृत्व में क्षेत्र में हो रहे निरंतर विकास कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सर्वाइकल कैंसर के लिए नियमित जांच और परीक्षण जरूरी - डॉ सरोज शर्मा

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** हर साल 7 नवंबर को मनाए जाने वाले कैंसर अवेयरनेस डे का उद्देश्य लोगों में कैंसर की रोकथाम, पहचान और इलाज को लेकर जागरूकता बढ़ाना है। सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं को प्रभावित करने वाला तीसरा प्रमुख कैंसर है, लेकिन यह ऐसा कैंसर है जिसका शुरुआती चरण में पता चल जाए तो इसे रोका जा सकता है। इसकी सबसे बड़ी चुनौती यह है कि इसके शुरुआती लक्षण दिखाई नहीं देते, इसलिए नियमित जांच और स्क्रीनिंग बेहद महत्वपूर्ण होती है सर्वाइकल कैंसर की पहचान के लिए दो प्रमुख जांचें होती हैं-पैप स्मीयर टेस्ट और सर्वाइकल स्क्रीनिंग (एचपीवी टेस्टिंग)। ये दोनों परीक्षण शरीर में प्री-कैंसर अवस्था में हो रहे बदलावों को पकड़ लेते हैं और समय पर इलाज की संभावना बढ़ा देते हैं।

### पैप स्मीयर टेस्ट

यह पारंपरिक और प्रभावी जांच है जिसमें गर्भाशय ग्रीवा की कोशिकाओं को माइक्रोस्कोप के जरिए देखा जाता है। इससे उन असामान्य कोशिकाओं की पहचान हो जाती है जो भविष्य में कैंसर का कारण बन सकती हैं। यदि पैप टेस्ट की रिपोर्ट सामान्य आती है तो अगला परीक्षण तीन वर्ष बाद करवाना पर्याप्त है, लेकिन यदि असामान्य कोशिकाएँ मिलती हैं तो डॉक्टर की सलाह के अनुसार आगे जांच और उपचार आवश्यक होता है। गाइडलाइन के अनुसार स्वस्थ महिलाओं को 21 से 30 वर्ष की उम्र में हर 3 साल और 30 से 65 वर्ष की उम्र में हर 5 साल में पैप स्मीयर और एचपीवी टेस्ट का संयोजन अवश्य कराना चाहिए ।

### सर्वाइकल स्क्रीनिंग (एचपीवी टेस्ट)

सर्वाइकल कैंसर का मुख्य कारण हाई-रिस्क एचपीवी वायरस का संक्रमण है। सर्वाइकल स्क्रीनिंग में सीधे इसी वायरस के प्रकारों की पहचान की जाती है, जिससे भविष्य में कैंसर बनने की संभावना पहले ही पकड़ में आ जाती है। यह टेस्ट पैप स्मीयर की तुलना में अधिक संवेदनशील माना जाता है और जल्दी खतरे का पता लगाने में सहायता करता है नियमित स्क्रीनिंग के साथ-साथ एचपीवी वैक्सीनेशन भी सर्वाइकल कैंसर से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। ड्ड॥ह और भारत सरकार 11-12 वर्ष की आयु में एचपीवी टीकाकरण की सलाह देती है। टीका 9 वर्ष की आयु से भी शुरू किया जा सकता है। 15वें जन्मदिन से पहले टीका शुरू करने पर दो खुराक पर्याप्त होती हैं, जिसमें दूसरी खुराक पहली के 6-12 महीने बाद दी जाती है। यदि दोनों डोज 5 महीने से कम अंतर पर दी गई हों तो तीसरी खुराक अनिवार्य होती है। वैक्सीन का अधिकतम प्रभाव तब देखा जाता है जब टीकाकरण यौन सक्रिय होने से पहले किया जाए नियमित स्क्रीनिंग, समय पर पैप स्मीयर टेस्ट और एचपीवी टीकाकरण—इन तीनों के संयोजन से सर्वाइकल कैंसर को काफी हद तक रोका जा सकता है। इसलिए सभी महिलाओं को अपनी उम्र के अनुसार जांच करवाने और जागरूक रहने की आवश्यकता है, ताकि इस बीमारी से सुरक्षित रहा जा सके।

# शूटिंग में ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर नितिन थालोर का विधायक सहारण ने किया स्वागत

**चूरू(निसं.)** चेन्नई तमिलनाडु में हुई 27 वीं ऑल इंडिया कुमार सुरेंद्र सिंह इंटर स्कूल शूटिंग चैंपियनशिप 2025 में ब्रॉन्ज मेडल जीतने नितिन कुमार थालोर पुत्र राकेश कुमार थालोर का गुरुवार को विधायक हरलाल सहारण ने माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया।इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि होनहार खिलाड़ी नितिन ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर हमारे देश व चूरू का नाम रोशन किया है हम कामना करते हैं कि अगली बार ये खिलाड़ी गोल्ड मेडल जीतकर पहुंचे तो इससे भी जोरदार इनका स्वागत किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए जिला तहसील, राष्ट्रीय स्तरीय की प्रतियोगिताओं का आयोजन लगातार किया जा रहा है। जिससे खिलाड़ियों को आगे आने का मौका मिलता है। इस अवसर पर चौधरी कुंभाराम आर्य फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष चेतराम



सहाराण, अमीलाल धेतरवाल, डॉ राजकुमार पूनिया, मनोज फगेड़िया, कोच कर्णवीर सिंह, सुनील ढाका, संपत सिंह राठौड़, रजत शर्मा, विकास कोठारी, दयासिंह, भंवरलाल कुलहरी, हनुमान हुड्डा आदि ने नितिन कुमार का माला पहनाकर स्वागत किया।

# *सीएमएचओं ने केन्द्र के पदाधिकारियों से की वार्ता*

***चूरू.*** *गढ के सैटेलाईट हॉस्पीटल के आगे समस्या समाधान केन्द्र की ओर से चल रहे धरने के 22वे दिन की अध्यक्षता प्रेमप्रकाश बगड़िया ने की।धरने पर सीएमएचओ डॉ. मनोज शर्मा ने संगठन के पदा?धिकारियों से वार्ता की। डॉ.शर्मा ने कहा कि आपकी मांगे जायज है। इस पर मैं पूर्ण रूप से सहमत हूं। उन्होने बताया कि जल्द से जल्द आपकी मांगों पर कार्यवाही करूंगा। उन्होने कहा कि आरजीएचएस वाली मांग आज ही पूर्ण कर रहा हूं। संस्था सचिव प्रमोद शर्मा ने कहा कि यह मांग पूरी होने पर पेंशनर कर्मचारियों को बहुत ज्यादा लाभ मिलेगा। सचिव शर्मा ने बताया कि रक्त जांच, यूरीन जांच, सुगर की जांच, वीपी की जांच आदि सीएमएचओं के अधिकार क्षेत्र में है। इसको तुरन्त प्रभाव से चालु करवाई जाए। इस अवसर अध्यक्ष सत्यनारायण व्यास ने अस्पताल में आर्थिक व्यवस्था की जानी आवश्यक है। डॉ.शर्मा ने व्यवस्था को शीघ्र करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम सोनी, विनोद राठी, डूंगरमल सैनी, मुरारीलाल सरावगी, डालचन्द सोनी व रमेश गौतम आदि मौजूद रहे।*

# जिला कलक्टर ने ली 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान की समीक्षा बैठक

### संबंधित विभाग समन्वित प्रयासों से सडक दुर्घटनों की प्रभावी रोकथाम हेतु उठावे आवश्यक कदम - जिला कलक्टर

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क सुरक्षा अभियान की समीक्षा कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय से जिले की सड़कों को और अधिक सुरक्षित बनाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने के दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी मौजूद रहे।

जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए जिले में 18 नवम्बर तक संचालित 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान के तहत सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, यातायात नियमों को सख्ती से लागू करने तथा आपातकालीन सहायता प्रणाली को मजबूत करने के लिए संबंधित विभाग समन्वित प्रयास कर आवश्यक कदम उठावे। उन्होंने निर्देश दिये कि चिन्हित 38 विद्यालयों के नजदीकी एरिया को सेनेटाइजेशन कर दुर्घटना मुक्त क्षेत्र बनाने के निर्देश दिये। साथ ही जिले के दुर्घटना संभावित 31 सडक मार्गों एवं एसएच-44 पर सुरक्षात्मक कदम उठाते हुए अवैध कट्स को बंद कराने, सड़क पर साइनेज, येलो बार मार्किंग, रम्बल स्ट्रिप, मिरर व स्पीड ब्रेकर इत्यादि लगाए जाएं। उन्होंने डिप्टी सीएमएचओ को निर्देश दिये कि अभियान के तहत शहर में संचालित सभी बाल वाहिनियों के वाहन चालकों की कैम्प लगाकर आगामी 15 दिवस में नेत्र परीक्षण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले से गुजरने वाले सड़क मार्गों पर ब्लैक स्पॉट की वर्षवार विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की ब्लैक स्पॉट की संख्या सतत रूप से घटाने के लिए संबंधित विभाग साझा प्रयास करते हुए सुरक्षात्मक कदम उठाएं तथा जिन ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटना की पुनरावृति हुई है उन स्थानों पर आवश्यक तकनीकी बदलाव कर दुर्घटना मुक्त क्षेत्र बनाए तथा यह भी सुनिश्चित किया जावे कि हाईवे मोबाइल यूनिट एवं एम्बुलेस निर्धारित मानकों के अनुसार कार्यरत रहे।

जिला कलक्टर ने निर्देशित किया कि पुलिस एवं परिवहन विभाग ओवर स्पीड, ओवर लोडिंग, ड्रिंक एण्ड ड्राइव, विदआउट नंबर प्लेट गाडियों इत्यादि पर संयुक्त कार्रवाई कर प्रभावी लगाम लगाना सुनिश्चित करें। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने में पुनरावर्ती होने पर संबंधित व्यक्ति के लाइसेंस सस्पेंड करने की कार्रवाई भी की जावे। उन्होंने प्रादेशिक परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये कि ओवरलोडिंग, अनाधिकृत संचालन, फिटनेस उल्लंघन इत्यादि पर सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने नगर निगम एवं यूआईटी के अधिकारियों को निर्देश दिये कि फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त करावे, ट्रैफिक सिग्नलिंग सिस्टम व सडक प्रकाश व्यवस्था को दुरूस्त किया जावे तथा सडकों पर से निराश्रित पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया जाए। साथ ही शहरी क्षेत्रों में सड़क नवीनीकरण, फुटपाथ व डिवाइडर मरम्मत एवं रखरखाव, स्वच्छता और यातायात संकेतक कार्य त्वरित गति से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने श्रम विभाग के उपायुक्त को निर्देश दिये कि ट्रांसपोर्ट कंपनियों द्वारा चालकों से अत्यधिक समय तक वाहन चलवाने की शिकायतों की जांच कर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। चालाकों के कार्य घंटे व विश्राम समय की पालना सुनिश्चित कर निरीक्षण एवं जागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने मत्स्य नगर आगार के प्रबंधक को निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित करें कि बसें निर्धारित बस स्टॉप पर ही रूके। उन्होंने निर्देश दिये कि अभियान के माध्यम से एनजीओ, स्वयसेवी संस्थाएँ एव स्थानीय युवाओं को जोड़कर हेलमेट, सीट बेल्ट, मोबाइल उपयोग निषेध, डिपर उपयोग आदि का विशेष प्रचार-प्रसार भी किया जाए। बैठक में एडीएम शहर बीना महावर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय काम्बले शरण गोपीनाथ, आरटीओ सतीश चौधरी, पीडब्लूडी के अधीक्षण अभियंता भूरीसिंह, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. महेश बैरवा, यूआईटी के अधीक्षण अभियंता तैयब खान, नगर निगम के अधिशासी अभियंता खेमराज मीणा, रीडकोर के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पंकज मुदगिल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## स्कूल गिरने पर झालावाड़ नहीं आए मुख्यमंत्री, वोटों की राजनीति के लिए आ गए- जूली





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** अन्ता में चल रहे उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया के पक्ष में प्रचार करते हुए नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि जनता देख रही है कि भाजपा सरकार की संवेदनशीलता कैसी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पड़ोसी जिले झालावाड़ के पिपलोदी गांव में स्कूल गिरने पर बच्चों को श्रद्धांजलि देने तो नहीं आए परन्तु वोट लेने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के साथ आ गए हैं। यह दिखाता है कि भाजपा को जनता के दुख-दर्द में साथ नहीं आती पर राजनीति के लिए आती है। अन्ता में कांग्रेस के पक्ष में बन रहे माहौल पर जूली ने कहा कि ये कांग्रेस पार्टी का डर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को साथ ले आया है। सत्तारूढ़ पार्टी में असंतोष होने और गुटबाजी की बातें सार्वजनिक हैं और ऐसे में मतदाताओं के सामने इनको एकजुटता का झूठा प्रदर्शन करना पड़ रहा है पर अन्ता का मतदाता सब समझता है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मांगरोल क्षेत्र के ग्राम ईश्वरपुरा, मऊ, बमोरीकलां मालबमोरी, सीमल्या कराड़िया और भोज्याहेडी में जनसंपर्क किया। जूली ने कहा कि प्रमोद जैन भाया मेरे साथ मंत्रिमंडल में रहे हैं। उनकी कार्यशैली के कारण राजस्थान ने खनन क्षेत्र में काफी प्रगति की। भाया के गौपालन मंत्री रहते प्रदेशभर में गौशालाओं को 3,000 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया। भाया पक्षियों की सेवा तक का अस्पताल चलाते हैं। ऐसे संवेदनशील व्यक्ति को यहां से चुना जाना चाहिए।

## विख्यात क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन की 11.14 करोड रुपए की संपत्ति अटैच

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रवर्तन निदेशालय ने सट्टेबाजी के एक मामले में बड़ा एक्शन लेते हुए पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन की संपत्ति जप्त की है एजेंसी ने दोनों क्रिकेटरों की 11.114 करोड रुपए की संपत्ति जप्त की है सट्टेबाजी से जुड़ी मनी लांड्रिंग के केस में यह कार्रवाई की गई है जानकारी के अनुसार सट्टेबाजी की अवैध वेबसाइट से जुड़े मनी लांड्रिंग केस के मामले में जांच जारी है इस जांच के दायरे में क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन भी आ गए हैं इस केस में प्रवचन निदेशालय ने प्रीवेंशन आफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत शिखर धवन की 4.5 करोड रुपए की अचल संपत्ति बरामद करने का आदेश दिया इसके अलावा सुरेश रैना के 6.5 करोड रुपए मूल्य के म्युचुअल फंड बरामद करने का फैसला लिया है यह कैसे ऑनलाइन सट्टा वेबसाइट से जुड़ा है एजेंसी ने अपनी जांच में पाया कि दोनों पूर्व क्रिकेटरों ने इस सट्टा वेबसाइट का प्रचार करने के लिए विदेशी संस्थाओं के साथ एडवर्टाइजमेंट के करार किया इस वेबसाइट के अलावा कुछ सहायक कंपनियों के साथ भी समझौते किए गए प्रवचन निदेशालय ने इस मामले में दोनों से पूछताछ की थी इनके अलावा एक और पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह से भी इसी केस में पूछताछ की जा चुकी है वही पूर्व क्रिकेटर उथप्पा भी इस केस के दायरे में है एजेंसी ने इस मामले की जांच के दौरान अभिनेता सोनू सूद उर्वशी रौतेला मिमी चक्रवर्ती और अंकुश हजार से भी पूछताछ की थी वेबसाइट का संचालन करने वाले लोगों का दावा है कि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करने वाली ऑनलाइन सट्टा वेबसाइट है जिसमें खुद को 18 साल से ऊपर बताने वाले लोग सट्टा खेल सकते हैं इस केस में यह पहला बड़ा एक्शन है जिसके तहत दोनों क्रिकेटरों के खिलाफ फैसला हुआ है एजेंसी की ओर से मामले की जांच जारी है और भविष्य में कुछ और नाम भी एक्शन के दायरे में आ सकते हैं ।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिली इंडियन क्रिकेट टीम की चैंपियन बेटियां



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** महिला विश्व कप 2025 की किताब विजेता भारतीय टीम ने गुरुवार को राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की इस दौरान राष्ट्रपति ने उन्हें ऐतिहासिक जीत के लिए शुभकामनाएं दी इससे पहले टीम ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की थी गत रविवार को हरमनप्रीत की अगुवाई में भारतीय टीम ने दक्षिणी अफ्रीका को फाइनल में 52 रनों से हराकर जीत हासिल कीथी इस खास मुलाकात के दौरान भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भारतीय टीम की जर्सी भेंट की वहीं राष्ट्रपति ने टीम को बधाई दी और कहा कि उन्होंने इतिहास रच दिया है और युवा पीढ़ी के लिए आदर्श बन गए हैं उन्होंने आगे कहा कि यह टीम भारत का प्रतिबिंब है वह विभिन्न क्षेत्रों, विभिन्न सामाजिक पृष्ठभूमियों और विभिन्न परिस्थितियों का प्रतिनिधित्व करते हैं लेकिन वह एक टीम है भारत इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही हरमनप्रीत कौर अब भारत की चौथी कप्तान बन गई है जिन्होंने विश्व कप जीत का ताज पहना है इसे पहले कपिल देव, एस धोनी और रोहित शर्मा भारत को विश्व चैंपियन बना चुके हैं यानी अब महिलाओं की कप्तान हरमनप्रीत ने भी इस गौरवशाली सूची में अपनी जगह बना ली है यह भारत की महिलाओं का पहला विश्व कप खिताब है जिसे 2005 और 2017 के फाइनल हार के दर्द को भुलाने में मदद की है ।

# आतंकी संगठन से ताल्लुक रखने वाले मौलवी ओसामा उमर को एटीएस ने किया गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स






**जयपुर(कासं.)।** पाकिस्तान की नाक में दम करने वाले अफगानिस्तान के कुख्यात आतंकी संगठन तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान के तार राजस्थान के सांचौर के एक मौलवी से भी जुड़े हुए थे मौलवी न केवल इस आतंकी संगठन से जुड़ा हुआ था बल्कि इस आतंकी संगठन के टॉप कमांडरों से इंटरनेट कॉलिंग से बातचीत करता था । राजस्थान पुलिस की एटीएस शाखा ने चार दिन पहले आतंकी संगठनों से संबंध रखने के आरोप में पांच संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया था बाड़मेर ,सांचौर और जोधपुर से इन संदिग्ध लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था इनमें से दो सगे भाई हैं जो मौलवी हैं राजस्थान पुलिस की जांच एजेंसी ने राजस्थान में सांचौर के मौलवी ओसामा उर्फ ओसामा उमर को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है जांच एजेंसी की गिरफ्त में आया सांचौर का यह मौलवी ओसामा उमर अन्य चार संदिग्ध लोगों को भी ओसामा आतंकी संगठन से जुड़ने के लिए दबाव बना रहा था हालांकि अभी तक जांच में किसी तरह की फंडिंग की जानकारी सामने नहीं आई है एटीएस अब उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी उस संगठन से जुड़े अन्य लोगों और विदेशी फंडिंग के बारे में पड़ताल करेगी जानकारी के अनुसार मौलवी ओसामा जी आतंकी संगठन के साथ संबंध में पकड़ा गया है वह अफगानिस्तान का सबसे कुख्यात आतंकी संगठन है इस संगठन ने पाकिस्तान सरकार और पाकिस्तानी मिलिट्री की नाक में दम कर रखा है यह संगठन पाकिस्तानी मिलिट्री पर आतंकी हमले भी करवा चुका है पाकिस्तान ने इसे आतंकी संगठन की श्रेणी में रखा हुआ है इस संगठन ने पाकिस्तान के कई शहरों में आतंकी घटनाओं को अंजाम दिया है जानकारी के अनुसार सांचौर का मौलवी ओसामा अफगान आतंकवादी संगठन का एक्टिव सदस्य है कुछ दिन पहले वह अफगानिस्तान भागने की फिराक में भी था एटीएस के आईजी विकास कुमार ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए कहा कि फिलहाल प्राथमिक की जांच में किसी बड़े स्तर की फंडिंग की जानकारी सामने नहीं आई है लेकिन अफगान आतंकी संगठन से 4 साल तक जुड़ाव गंभीर चिंता का विषय है उसे स्थानीय संपर्कों की जानकारी ली जा रही है संगठन के बारे में पड़ताल की जा रही है उल्लेखनीय है कि संदिग्ध एक्टिविटी के संदेह पर एटीएस ने मसूद के घर पर छापा मारा लेकिन वह नहीं मिला उसकी कार्रवाई की भनक लग गई हालांकि बाद में एटीएस ने मसूद को अन्य जगह से पकड़ लिया और मोबाइल दस्तावेज कब्जे में किए गए मसूद के बड़े भाई ओसामा को जालौर जिले के सांचौर में झारडियावास में पकड़ा गया वह सांचौर की एक मस्जिद में मौलवी के रूप में कार्य करता है ओसामा शादीशुदा है इसके चार बच्चे हैं जिनमें दो बेटे और दो बेटियां हैं एटीएस ने अलग-अलग जगह पर कार्रवाई को अंजाम देते हुए पांच लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था इसमें तीन बाड़मेर जिले के रहने वाले हैं बसीर जो बाड़मेर का रहने वाला है उसे जयपुर के भट्टा बस्ती से गिरफ्तार किया गया बशीर की गिरफ्तारी से बाता बस्ती के लोगों में हड़कंप मच गया लेकिन लोगों ने विरोध नहीं किया ।

## वोट चोरी अभियान को लेकर केसी वेणुगोपाल ने प्रदेश कांग्रेस के नेताओं से फीडबैक लिया





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार को वोट चोरी अभियान को लेकर राजस्थान कांग्रेस के नेताओं से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत की और इस बातचीत में प्रदेश कांग्रेस के नेताओं को वोट चोरी अभियान में प्रदेश की जनता से जिस परिपत्र पर हस्ताक्षर करवाए थे उन परिपत्र का संकलन करने के निर्देश दिए क्योंकि 8 नवंबर को कांग्रेस पार्टी की ओर से ध्वज वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इस कार्यक्रम के माध्यम से वोट चोरी अभियान का समापन भी होगा इसलिए प्रदेश कांग्रेस ने इस अभियान के तहत प्रदेश में कितने लोगों से हस्ताक्षर करवाए इस संदर्भ में सभी परिपत्र का संकलन करने के लिए केसी वेणुगोपाल ने राजस्थान कांग्रेस के नेताओं को निर्देशित किया है वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंद्र सिंह रंधावा ने भी कैसी वेणुगोपाल से बातचीत की उल्लेखनीय है कि वोट चोरी अभियान को लेकर राहुल गांधी के निर्देश पर पूरे देश में लोगों से हस्ताक्षर करवाए गए थे देश की सभी कांग्रेस पार्टी की राज्य इकाइयों की ओर से अपने-अपने प्रदेश में हस्ताक्षर अभियान का आगाज किया गया था इस अभियान में कांग्रेस पार्टी के दिल्ली दरबार ने पार्टी की राज्य इकाई से जुड़े नेताओं से साफ कहा था कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को वोट चोरी के मामले के बारे में जानकारी दी जाए और इस मामले में पब्लिक का क्या व्यू है इसका भी फीडबैक लिया जाए और जो व्यक्ति राहुल गांधी की ओर से किए गए वोट चोरी के खुलासे को स्वीकार कर रहा है उसके सिग्नेचर भी लिए जाएं इसी सिलसिले में राजस्थान में भी राजस्थान कांग्रेस की ओर से प्रदेश के प्रतीक जिले में लोगों से सिग्नेचर करवाए गए हैं अब इसका 8 नवंबर को ही पता चल पाएगा कि इस अभियान में प्रदेश के कितने लोगों ने सिग्नेचर किए हैं इस अभियान का समापन कांग्रेस पार्टी ध्वज वंदन कार्यक्रम का आयोजन करके करेगी ।

## वंदे मातरम की जयंती की पूर्व संध्या पर जयपुर में भाजपाइयों का विशाल मशाल जुलूस

### आज सवाई मानसिंह स्टेडियम में सामूहिक वंदे मातरम कार्यक्रम का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** वंदे मातरम गीत के 150 साल पूरे होने पर जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में भारतीय जनता पार्टी की ओर से सामूहिक वंदे मातरम गायन का आयोजन किया जा रहा है इस कार्यक्रम में प्रदेश के सभी लोगों को आमंत्रित किया गया है इस कार्यक्रम में करीब 50000 लोगों के शामिल होने की संभावना है जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ,राजस्थान बीजेपी के अध्यक्ष मदन राठौड़ राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य भाजपा के वर्तमान विधायक पूर्व विधायक भाजपा के वर्तमान सांसद पूर्व सांसद और भाजपा संगठन से जुड़े नेताओं के शामिल होने की चर्चा है जयपुर में यह भाजपा की ओर से राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इसके अलावा प्रदेश भर में जिला स्तर पर भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं की ओर से इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा वंदे मातरम जयंती की पूर्व संध्या पर जयपुर में अंबेडकर सर्किल से अमर जवान ज्योति तक भारतीय जनता पार्टी की ओर से विशाल मसाल जुलूस का आयोजन किया गया इसमें जयपुर के कोने-कोने से विभिन्न जाति और समुदाय के लोग शामिल हुए हालांकि यह कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी की ओर से आयोजित किया गया है लेकिन भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने पहले ही साफ कह दिया है कि यह कार्यक्रम पार्टी का कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है बल्कि इस कार्यक्रम में सभी लोग आमंत्रित हैं अंबेडकर सर्कल से अमर जवान ज्योति तक निकल गए इस विशाल मशाल जुलूस में बड़ी संख्या में महिलाएं और युवा भी शामिल हुए सभी के हाथों में जलती हुई मार्शल थी और बड़े ही उत्साह के साथ भारत माता की जय और वंदे मातरम जीत का गायन करते आगे बढ़ रहे थे इस विशाल मसाल जुलूस में स्कूल कॉलेज और विश्वविद्यालय के छात्रों ने भी बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दिखाई इसके अलावा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं के अलावा भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा से जुड़े लोग भी शामिल हुए उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली दरबार के निर्देश पर राजस्थान में ही नहीं बल्कि पूरे देश भर में भारतीय जनता पार्टी की ओर से वंदे मातरम गीत की 150वीं जयंती के अवसर पर विभिन्न तरह के कार्यक्रमों के आयोजन करने के निर्देश दिए गए थे जिसमें सामूहिक रूप से वंदे मातरम गीत का गायन भी निर्धारित किया गया था इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विभिन्न राज्यों के भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को निर्देशित किया था कि वह इस कार्यक्रम के संपादन के लिए विशेष कमेटी का गठन करें इसके बाद राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष भूपेंद्र सैनी ने तीन सदस्यों की कमेटी का गठन किया सैनी ने इस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए बुधवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से भी बातचीत करके उनसे आशीर्वाद लिया था मुख्यमंत्री शर्मा ने भी भूपेंद्र सैनी को एसएमएस स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रम को शानदार तरीके से आयोजित करने के निर्देश दिए थे जिसके बाद एसएमएस स्टेडियम में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है और आज करीब 50000 लोगों की मौजूदगी में वंदे मातरम गीत का सामूहिक गायन होगा जिसमें कई बड़े नेता शामिल होंगे ।

## जयपुर में वकील और पुलिस आमने-सामने: हल्की झड़प, रोड जाम

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजधानी जयपुर के आदर्श नगर पुलिस स्टेशन में वकील और उसके परिजनों के साथ किए गए अभद्र व्यवहार और मारपीट के मामले को लेकर गुरुवार को वकील जयपुर की सड़कों पर उतर आए गुस्सा आए वकीलों ने सेशन कोर्ट के बाहर रोड जाम कर दिया और दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करने लगे हालांकि इस मामले में वकीलों के किसी संगठन ने अगुवाई नहीं की लेकिन प्रदर्शन में बड़ी संख्या में वकील नजर आए और उन्होंने रोड को पूरी तरह से अवरोध कर दिया बाद में वकीलों के एक प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस कमिश्नर से मुलाकात करके अपनी बात रखी और दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की वकीलों के गुस्से को देखते हुए इस मामले में एक हेड कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया गया है पुलिस के बड़े अधिकारी इस पूरे मामले की जांच कर रहे है जानकारी के अनुसार आदर्श नगर थाने में एक वकील और उनके परिजनों को किसी मामले में पूछताछ के लिए लाया गया था जिसमें पीड़ित वकील और उनके परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने उन्हें टॉर्चर किया और उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और कई तरह के गंभीर आरोप पुलिस पर लगाए गए इसके बाद जब यह मामला वकीलों के बीच आया तो वकील गुरुवार को गुस्से में हो गए और उन्होंने सेशन कोर्ट के बाद ही रास्ते को पूरी तरह से अवरुद्ध कर दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करने लगे वकीलों के इस तरह से बड़ी संख्या में रोड पर एकत्रित होने जाने के बाद पुलिस के बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे और इस पूरे मामले को बातचीत के माध्यम से सुलझाने का प्रयास किया जिसके बाद वकीलों का एक



प्रतिनिधिमंडल पुलिस कमिश्नर से मुलाकात करने भी गया जहां पर पुलिस कमिश्नर ने वकीलों की बात को गंभीरता से सुना और इस मामले में एक हेड कांस्टेबल को फिलहाल सस्पेंड भी कर दिया है जिसके बाद वकीलों का गुस्सा थोड़ा शांत हुआ है पुलिस अब इस पूरे वकीलों का गुस्सा थोड़ा शांत हुआ है पुलिस के उच्च स्तर के अधिकारी इस पूरे मामले की जांच करेंगे जानकार लोगों का कहना है कि पुलिस और वकीलों के बीच आपस में टकराव होने का यह कोई नया मामला नहीं है इससे पहले भी कई बार पुलिस और वकीलों के बीच आपस में टकराव के हालात देखने को मिले हैं जब बीएल सोनी जयपुर के पहले पुलिस कमिश्नर बने थे उनके कार्यकाल के दौरान एक बहुत बड़ा आंदोलन वकीलों की ओर से किया गया था उस समय वकीलों का आंदोलन लंबे समय तक संपादित हुआ तो जयपुर पुलिस के जवान भी वकीलों के विरोध में हड़ताल पर चले गए थे जिसकी वजह से जयपुर में पुलिस और वकीलों के बीच आपस का यह टकराव पूरे देश में चर्चा का विषय बना रहा बाद में इस मामले में बीएल सोनी को पुलिस कमिश्नर पद से भी हटा दिया गया था ।

## अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को हरमाड़ा हादसे को लेकर पत्र लिखा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर में हरमाड़ा इलाके में हुए सड़क हादसे में मृतक और घायलों के परिजनों को मुआवजा देने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखा है पत्र में गहलोत ने लिखा है कि पिछले दिनों जोधपुर में हुए सड़क हादसे के तुरंत बाद राजस्थान सरकार ने मृतक और घायलों को मुआवजा देने का ऐलान कर दिया था लेकिन राजधानी जयपुर में हरमाड़ा में जो भीषण सड़क हादसा हुआ है जिसमें कई लोगों की जान गई है और कई लोग घायल हुए हैं उन्हें अब तक राजस्थान सरकार की ओर से मुआवजा दिए जाने की घोषणा नहीं की गई है गहलोत ने सरकार के इस व्यवहार पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि ऐसी कौन सी वजह है जिसकी वजह से जोधपुर में तो हाथों हाथ मुआवजा की घोषणा कर दी गई लेकिन जयपुर में हादसे में मुआवजे की घोषणा नहीं की गई गहलोत ने कहा कि वे खुद अस्पताल में घायल मरीजों और परिजनों से मुलाकात करके आए हैं हादसा काफी भयानक था और मृतक लोगों के घरों में शोक की लहर फैली हुई है तथा घायलों के परिजनों के चेहरों पर भी मायूसी और चिंता छाई हुई है क्योंकि बहुत से घायल ऐसे हैं जिनकी आर्थिक स्थिति काफी कमजोर हैं और जो लोग इस हादसे में मौत का शिकार हुए हैं उनकी हालत भी खराब है इस अवस्था में सरकार को तुरंत जोधपुर की तरह हरमाड़ा में भी हताहत लोगों को मुआवजे की घोषणा करनी चाहिए जानकारी के अनुसार बिहार विधानसभा चुनाव में बड़ी जिम्मेदारी संभाल रहे गहलोत बिहार से जयपुर आए और जयपुर आने के बाद उन्होंने तुरंत सवाई मानसिंह अस्पताल का दौरा किया जहां पर उन्होंने हरमाड़ा हादसे में घायल हुए लोगों से और उनके परिजनों से बातचीत की और इस पूरे हादसे के बारे में जानकारी हासिल की सवाई मानसिंह अस्पताल में ही पत्रकारों से बातचीत के दौरान



अशोक गहलोत ने सवाल खड़े कर दिए थे कि जोधपुर में हाथों हाथ हादसे के बाद मुआवजा की घोषणा कर दी गई लेकिन हरमाड़ा में मुआवजे की घोषणा करने में इतना विलंब क्यों हो रहा है सरकार को हाथों हाथ यहां भी मुआवजा की घोषणा करके लोगों को राहत देनी चाहिए गहलोत ने कहा कि जो लोग दुनिया से चले गए हैं उनका वापस आना तो नामुमकिन है लेकिन अगर उनके परिजनों को यह एहसास दिलाना हम सब की जिम्मेदारी बनती है कि पूरा राजस्थान और राजस्थान सरकार दुख की घड़ी में उनके साथ हैं ऐसे में राजस्थान सरकार को तुरंत यहां पर मुआवजा का ऐलान करना चाहिए एक अन्य सवाल के जवाब मे गहलोत ने कहा कि बिहार में महागठबंधन की सरकार बनना निश्चित है वहां पर कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल दोनों को अच्छी सफलता मिलेगी ।

## 20 लाख की रिश्वत लेने का मामला: विधायक जय कृष्णा पटेल के फरार का पर्सनल असिस्टेंट रोहिताश मीणा को पकड़ा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** करीब 6 महीने पहले भारत आदिवासी पार्टी के विधायक जयकृष्ण पटेल को 20 लाख रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने गिरफ्तार किया था इस मामले में पटेल का पर्सनल असिस्टेंट रोहिताश मीणा मौके से फरार हो गया था जिसकी एंटी करप्शन ब्यूरो लंबे समय से तलाश कर रही थी गुरुवार को एंटी करप्शन ब्यूरो ने रोहिताश मीणा को आखिरकार पकड़ लिया है रोहिताश मीना से अब एंटी करप्शन ब्यूरो मुख्यालय में पूछताछ की जा रही है जब विधायक जय कृष्णा पटेल को एंटी करप्शन ब्यूरो ने गिरफ्तार किया था उस समय पटेल के पर्सनल असिस्टेंट रोहित मीणा मौके से फरार होने में सफल हो गया था रोहिताश ने रिश्वत के 20 लाख रुपए एक मकान में गाड़ दिए थे बाद में एंटी करप्शन ब्यूरो ने इस राशि को बरामद भी कर लिया था लेकिन रोहिताश मीणा एंटी करप्शन ब्यूरो की पकड़ से बाहर चल रहा था जिसकी तलाश में पिछले 6 महीने से एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम लगातार प्रदेश भर में छापामार कार्रवाई को अंजाम भी दे रही थी लेकिन रोहिताश को ढूंढ पाना एंटी करप्शन ब्यूरो के लिए काफी कठिन हो गया था गुरुवार को आखिरकार रोहिताश को पकड़ ही लिया गया जानकारी के अनुसार रोहिताश की गिरफ्तारी को इस प्रकरण में काफी खास माना जा रहा है क्योंकि पटेल जय रोहिताश की गिरफ्तारी को इस प्रकरण में काफी खास माना जा रहा है क्योंकि रोहिताश से बहुत खास जानकारियां इस प्रकरण में एंटी करप्शन को मिल सकती है इसलिए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों ने सवालों की एक बड़ी सूची तैयार की है अब एसीबी मुख्यालय में रोहिताश मीना से इन सभी सवालों के जवाब पूछे जा रहे हैं उल्लेखनीय है कि जब भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने 6 महीने पहले भारत आदिवासी पार्टी के विधायक जयकृष्ण पटेल को रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार किया था उस दिन राजस्थान की राजनीति में ही नहीं बल्कि देश की राजनीति में सनसनी से फैल गई थी राजस्थान में एक पहला मामला था जब मौजूदा विधायक को रिश्वत के मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर से गिरफ्तार किया गया हो पटेल पर आरोप था कि उन्होंने राजस्थान विधानसभा में खान संबंधी पूछे गए प्रश्न को वापस लेने के मामले में रिश्वत की रकम ली थी इसलिए इस मामले को लेकर प्रदेश में राजनीति भी काफी गर्म हो गई थी ।

# बाहुबलियों की बेलगाम राजनीति



> *इनमें भी 16 विधायक ऐसे थे, जिन पर हत्या से जुड़े मामले दर्ज थे, जबकि 30 विधायकों पर हत्या के प्रयास के मामले दर्ज थे। इसमें आठ विधायकों पर तो यौन शोषण जैसे अपराध का आरोप था। इस चुनाव में भी सभी राजनीतिक दलों ने दागियों और उनके परिवार के लोगों को टिकट देने में खूब दरियादिली दिखाई है। शहाबुद्दीन से लेकर मुन्ना शुक्ला और सुनील पांडे और राजन तिवारी के नाते-रिश्तेदार चुनावी मैदान में उतरकर विधानसभा पहुंचने की व्यूह रचना बनाने में जुटे हैं। राजनीति में बढ़ते अपराधीकरण को समस्या तो सभी बताते हैं, लेकिन कोई इसके समाधान के लिए आगे नहीं आता। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक ही है कि आखिर राजनीतिक दलों को दागी इतने क्यों पसंद हैं और अगर दल अपने टिकट पर दागियों को उतारते हैं तो फिर जनता उनकी नैया पार कैसे लगा देती है? इस सवाल के जवाब के लिए कोई बहुत मेहनत-मशक्कत करने की जरूरत नहीं।*

जातिगत समीकरण और राजनीति में अपराधीकरण भारतीय राजनीति की दो कड़वी सच्चाई हैं, जो बिहार के मामले में और मुखरता से सामने आती हैं। बीते दिनों मोकामा में यह फिर से सामने आया, जब जदयू प्रत्याशी और बाहुबली अनंत सिंह की गिरफ्तारी हुई। अनंत सिंह को जनसुराज पार्टी के समर्थक दुलारचंद यादव की हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया। दुलारचंद यादव के बारे में भी यही जानकारी सामने आई कि उनकी भी आपराधिक पृष्ठभूमि रही है। अनंत सिंह का मुकाबला राजद प्रत्याशी वीणा देवी से है, जो सूरजभान सिंह की पत्नी हैं सूरजभान सिंह का अतीत और वर्तमान भी किसी से छिपा नहीं रहा है। दिलचस्प बात यह भी है कि मोकामा राजधानी पटना से बहुत ज्यादा दूर नहीं है। यह राज्य की एक सीट का हाल है। बाकी का आप सहज अनुमान लगा सकते हैं। आज बिहार में जिन 121 सीटों के लिए पहले चरण का मतदान होने जा रहा है, उसमें करीब 1,300 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमाने जा रहे हैं। एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म्स यानी एडीआर के अनुसार इनमें से 30 प्रतिशत उम्मीदवार गंभीर मामलों का सामना कर रहे हैं। बिहार की राजनीति में दागियों की पैठ कितनी गहरी है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि पिछली विधानसभा में चुने गए 50 प्रतिशत विधायकों पर गंभीर मामले दर्ज थे। यानी हर दूसरे विधायक का दामन दागदार रहा। इनमें भी 16 विधायक ऐसे थे, जिन पर हत्या से जुड़े मामले दर्ज थे, जबकि 30 विधायकों पर हत्या के प्रयास के मामले दर्ज थे। इसमें आठ विधायकों पर तो यौन शोषण जैसे अपराध का आरोप था। इस चुनाव में भी सभी राजनीतिक दलों ने दागियों और उनके परिवार के लोगों को टिकट देने में खूब दरियादिली दिखाई है। शहाबुद्दीन से लेकर मुन्ना शुक्ला और सुनील पांडे और राजन तिवारी के नाते-रिश्तेदार चुनावी मैदान में उतरकर विधानसभा पहुंचने की व्यूह रचना बनाने में जुटे हैं। राजनीति में बढ़ते अपराधीकरण को समस्या तो सभी बताते हैं, लेकिन कोई इसके समाधान के लिए आगे नहीं आता। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक ही है कि आखिर राजनीतिक दलों को दागी इतने क्यों पसंद हैं और अगर दल अपने टिकट पर दागियों को उतारते हैं तो फिर जनता उनकी नैया पार कैसे लगा देती है? इस सवाल के जवाब के लिए कोई बहुत मेहनत-मशक्कत करने की जरूरत नहीं। इसमें सबसे बड़ा पहलू तो राज्य की नाकामी के रूप में सामने आता है। जब राज्य कानून एवं व्यवस्था की स्थिति को सुनिश्चित नहीं कर पाता तो कुछ लोग अपने बाहुबल के दम पर ही लोगों को 'सुरक्षा और न्याय' दिलाने के ठेकेदार बन जाते हैं। आम लोगों के दुख-दर्द और आड़े वक्त में की गई मदद भी इन्हें जनता के बीच स्थापित करने में मददगार बनती है। ऐसे तमाम एहसानों की कीमत अलग-अलग मौकों पर चुकाई भी जाती है और चुनाव भी उनमें से एक अवसर होता है। चूंकि ऐसे बाहुबलियों का प्रशासनिक अमले में अपना एक दबदबा होता है, इसलिए किसी विनम्र नेता के मुकाबले इनकी बात पर सुनवाई होने के आसार अधिक बढ़ जाते हैं। यह पहलू भी जनता के प्रति इनमें भरोसा बढ़ाता है। भारतीय समाज और कहें कि बिहार में जातिगत बंधन भी बहुत गहरे हैं तो हर जाति से कोई न कोई बाहुबली आगे निकलकर अपने समुदाय का मसीहा बनने की कोशिश करता है और दूसरी जाति के बाहुबली के मुकाबले अपने लोगों को यह भरोसा दिलाने की पूरी जुगत करता है कि वही उन्हें बचाने के लिए आगे आएगा। यानी बाहुबल में कहीं न कहीं जातीय अस्मिता का भी एक बोध तो दिखता ही है। इस पूरी कवायद में राज्य की अक्षमता ही बाहुबलियों की क्षमताएं बढ़ाने का आधार बनती हैं। राजनीतिक दलों का भी बाहुबलियों के प्रति बढ़ते दुलार की कई वजहें हैं। सबसे बड़ी वजह तो उनकी जिताऊ क्षमता है कि वे अपने तबके के समर्थन या डरा-धमका कर लोगों को प्रभावित कर नतीजों को अपने पक्ष में करने में आगे रहते हैं। एक वजह यह भी है कि चुनाव अब बहुत खर्चीले होते हैं और बाहुबलियों के पास धन-संसाधनों का कोई अभाव नहीं होता। इसलिए राजनीतिक दलों को इनसे अच्छा-खासा चुनावी चंदा भी मिलता है, जिससे न केवल उनके चुनाव क्षेत्र, बल्कि आसपास के अन्य निर्वाचन क्षेत्रों के लिए भी संसाधनों की पहुंच बढ़ती है। राजनीति और अपराधीकरण के रिश्तों का तानाबाना भी समय के साथ बदला है। बाहुबली एक समय नेताओं को अपना समर्थन देते रहे और बदले में नेता उन्हें संरक्षण प्रदान करते थे। समय के साथ बाहुबली खुद ही राजनीति में उतरने लगे। अब तो वे अपने साथ-अपने खास करीबियों और परिवार के लोगों को भी राजनीति में स्थापित करने लगे हैं। अपराध और वंशवाद का यह नया खतरनाक चलन लोकतंत्र के लिए बेहद घातक है। यदि समय के साथ इस चलन पर विराम नहीं लगा तो भविष्य में इसके परिणाम विध्वंसक होंगे, जिसके रुझान पहले से दिखने भी लगे हैं और समय-समय पर दिखते भी रहते हैं। बाहुबलियों के रवैये से यही लगता है कि राजनीति उनके लिए जनता की समस्याओं के समाधान का माध्यम नहीं, बल्कि अपने वर्चस्व को स्थापित करने का एक अखाड़ा है।

सम्पादकीय

## बुलेट ट्रेन के सपनों के बीच मौत की पटरियां क्यों नहीं थम रहीं?



देश में आम लोगों के लिए रेल सेवाएं यातायात का प्रमुख साधन हैं। रोजाना लाखों लोग रेलगाड़ियों में सफर करते हैं। सरकार यह दावा करते हुए नहीं थकती कि रेलयात्रा को सुलभ एवं सुरक्षित बनाना उसकी प्राथमिकता में है। फिर क्या वजह है कि रेल हादसों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है? कभी दो रेलगाड़ियों के टकराने से दुर्घटना हो जाती है, तो कभी कोई ट्रेन पटरी से उतर जाती है। वहीं, पैदल यात्रियों का ट्रेन की चपेट में आना, तो अब रोजमर्रा की घटनाएं हो गई हैं। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में मंगलवार को एक यात्री ट्रेन मालगाड़ी से टकरा गई, जिससे बड़ा हादसा हो गया। इसके अगले दिन बुधवार को उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में रेलगाड़ी से उतर कर पटरी पार कर रहीं महिलाएं दूसरी ट्रेन की चपेट में आ गईं। इन दोनों हादसों में कई लोगों की जान चली गई। इससे रेल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आखिर अब तक हुई रेल दुर्घटनाओं से सबक लेकर व्यवस्था में व्याप्त खामियों को दुरुस्त करने की जरूरत क्यों महसूस नहीं की जाती है? गौर करने की बात है कि एक तरफ देश में बुलेट ट्रेन चलाने की तैयारी की जा रही है और दूसरी तरफ रेल दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। राष्ट्रीय अपराध रेकार्ड ब्यूरो की हाल की एक रपट के मुताबिक, देश में वर्ष 2023 में रेलगाड़ियों के टकराने, पटरी से उतरने और पैदल यात्रियों के चपेट में आने से संबंधित चौबीस हजार से अधिक हादसे हुए हैं, जिनमें इक्कीस हजार से ज्यादा लोगों की जान चली गई। वर्ष 2022 की तुलना में 2023 में रेल हादसों में 6.7 फीसद की वृद्धि हुई है। हालांकि, सरकार की ओर से रेल सेवाओं को सुरक्षित बनाने के लिए आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल सहित कई कदम उठाए गए हैं, लेकिन इन्हें व्यावहारिक रूप में ढालने और धरातल पर लागू करने में विभिन्न स्तरों पर बरती जा रही लापरवाही भी रेल हादसों का एक बड़ा कारण है। बिलासपुर में रेल हादसे की प्रारंभिक जांच रपट में यह सामने आया है कि चालक दल यात्री ट्रेन को लाल बत्ती पर नियंत्रित नहीं कर पाया, जिससे वह आगे जाकर एक मालगाड़ी के पिछले हिस्से से टकरा गई। यह जांच रपट पांच विशेषज्ञों ने तैयार की है, लेकिन इस पर केवल तीन ने ही हस्ताक्षर किए हैं और इसको लेकर भी अब सवाल उठने लगे हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में हुए हादसे को लेकर रेलवे अधिकारियों का कहना है कि कुछ यात्री एक ट्रेन से पटरी वाले हिस्से की ओर उतर गए और वे उसी वक्त सामने से आ रही दूसरी ट्रेन की चपेट में आ गए। यह दावा भी किया जा रहा है कि वहां ऊपरिगामी मार्ग बना हुआ है, लेकिन हादसे में जान गंवाने वाली महिला यात्रियों ने उसका इस्तेमाल नहीं किया। सवाल है कि ट्रेन से उतरने वाले यात्री इसी मार्ग का इस्तेमाल करें, यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी किसकी है? देशभर में रेलवे फाटकों पर भी पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था न होने की वजह से पटरी पार करते समय आए दिन लोगों की जान चली जाती है।

# पंथनिरपेक्षता का दिखावटी चेहरा



पिछले दिनों अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का पत्नी उषा वेंस के बारे में दिया गया एक बयान बहुत चर्चा में रहा। उनकी पत्नी उषा भारतीय मूल की हैं। विवाह भले ही उन्होंने वेंस से किया हो, वह मानती हिंदू धर्म को ही हैं। वेंस ने कहा कि उन्हें लगता है कि उषा एक न एक दिन ईसाई धर्म अपना लेंगी। वह उनके साथ चर्च भी जाती हैं और ईसाइयत में रुचि भी रखती हैं। वेंस ने यह भी बताया कि उनके बच्चों को ईसाई धर्म में दीक्षित किया गया है। वे उन्हीं तौर-तरीकों से पाले जा रहे हैं। इस संदर्भ में कुछ साल पहले शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान की ओर से दिया गया यह वक्तव्य याद आ गया कि वह हिंदू हैं, लेकिन उनका बेटा आर्यन इस्लाम को मानता है। इंटरफेथ शादियों में ऐसा हो सकता है कि पिता एक धर्म को मानता हो और मां किसी और धर्म को, लेकिन बच्चों के साथ मुसीबत यह होती है कि उन्हें चुनाव का कोई अधिकार नहीं दिया जाता। जन्मते ही उन पर माता-पिता का धर्म लाद दिया जाता है। प्राय: उनके नाम भी वैसे ही रखे जाते हैं। कई बार नाम फर्क भी हो सकते हैं, जैसे शाहरुख के बेटे का नाम आर्यन या जेडी वेंस के बेटे का नाम विवेक है। हमें गलतफहमी है कि पश्चिम में लोग सही मायने में पंथनिरपेक्ष होते हैं। वे अपना मजहब किसी पर लादते नहीं हैं। एक ही घर में अलग-अलग पंथों को मानने वाले लोग रह सकते हैं और राज्य का कोई मजहब नहीं होता। वास्तविकता में ऐसा है नहीं। यदि ऐसा होता तो अमेरिकी राष्ट्रपतियों को बाइबिल पर हाथ रखकर शपथ क्यों लेनी पड़ती? क्यों इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी को कहना पड़ता कि वे ईसाई हैं। जेडी वेंस के बयान को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए। वे शायद ट्रंप के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के लिए कैथोलिक बहुल अमेरिका को खुश करना चाहते हैं। जब वेंस उपराष्ट्रपति बने थे तो भारतीय लोग बड़े खुश हुए थे कि चलो उनकी पत्नी का भारत से कुछ रिश्ता है। उपराष्ट्रपति बनने के बाद वे भारत भी आए और दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर भी गए। न जाने क्यों जब भी किसी भारतीय मूल के व्यक्ति को कोई बड़ा पद मिलता है या उसे कोई सफलता हासिल होती है तो हम उसे अपने ही चश्मे से देखने लगते हैं। सोचते हैं कि अपनी जड़ों के कारण यह व्यक्ति भारत के लिए भी कुछ अच्छा करेगा, लेकिन अक्सर ऐसा होता नहीं है। राष्ट्रपति पद की डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस के लिए भारत में बड़ी प्रार्थना की गई थी। वे बाइडेन प्रशासन में उपराष्ट्रपति थीं। हम भूल गए कि वे अतीत में किस तरह भारत विरोधी बयान दे चुकी हैं। हमें याद रखना चाहिए कि जो विदेशी नागरिक है, वह अपने ही देश को प्राथमिकता देगा, भले ही उसकी जड़ें भारत में रही हों। मजहबी कारणों से इस धरती पर जितने लड़ाई-झगड़े और खून-खराबा हुआ है, उसकी कल्पना करना मुश्किल है। इस लड़ाई-झगड़े के पीछे मूल सोच यह रहता है कि हमारा मजहब दूसरे से श्रेष्ठ है। इसलिए जब तक यह पूरी दुनिया ही हमारे मजहब के झंडे तले नहीं आ जाती, तब तक हम चैन से नहीं बैठेंगे। मतांतरण पर अरबों-खरबों खर्च इसीलिए किए जाते हैं। जो लोग विविधता को सेलिब्रेट करते हैं, वही यह भी चाहते हैं कि दुनिया में सिर्फ हमारी पसंद का ही धर्म रहना चाहिए। उन्हें लगता है कि ऐसा होने पर ही दुनिया जीने के काबिल रहेगी। एक लड़की का दशकों पहले अमेरिका में रहने वाले एक लड़के से विवाह हुआ। लड़की हिंदू थी, लड़का ईसाई। लड़के ने कहा कि उसकी कोई और शर्त नहीं है, सिवाय इसके कि लड़की ईसाई बन जाए। लड़की ने ऐसा ही किया। साथ में पढ़ने वाली एक महिला ने एक मुस्लिम से विवाह किया। उसने धर्म नहीं बदला, लेकिन उसके दोनों बच्चे पति के धर्म को ही मानने वाले बने। एक मुसलमान लड़की स्विट्जरलैंड में उच्च पद पर काम करती थी। वह दक्षिण अफ्रीका से आई थी। उसका इंग्लैंड के एक लड़के से प्रेम हो गया। जब दोनों को लगा कि विवाह कर लेना चाहिए तो लड़की ने कहा कि उनके बच्चे मुसलमान ही होंगे। क्या ऐसे विवाह सच में प्रेम विवाह हैं? आम तौर पर लोग अपनी आने वाली पीढ़ी को उसी रूप में देखना चाहते हैं, जैसे वे खुद हैं। साफ है कि बातें भले ही पंथनिरपेक्षता और सारे धर्मों का सम्मान करने को लेकर की जाएं, चाहत अपने धर्म के प्रसार की ही होती है। दुनिया में कोई और समूह इतने बड़े नहीं हैं, जितने धार्मिक समूह। इनके हिस्से बनकर हम ताकतवर महसूस करते हैं, क्योंकि कोई भी अकेला रहकर जी नहीं सकता। इसीलिए सब किसी न किसी धर्म का हिस्सा बनना चाहते हैं। जो लोग खुद को नास्तिक कहते हैं वे भी कई बार बेहद कट्टर साबित होते हैं। उदाहरण के तौर पर हिटलर और जिन्ना का नाम लिया जाता है। जेडी वेंस हों या ट्रंप, वे किसी न किसी रूप में मेक अमेरिका ग्रेट अगेन कहते हुए अपने धर्म को श्रेष्ठ साबित करना चाहते हैं।

# जिन्ना ने कई बार ठुकराया था प्रधानमंत्री बनने का प्रस्ताव

**भारत की आजादी और विभाजन से पहले के उथल-पुथल वाले वर्षों की एक लोकप्रिय अफवाह यह है कि महात्मा गांधी ने जिन्ना को प्रधानमंत्री बनने का ऑफर दिया था और यदि नेहरू सहमत हो जाते, तो संभवतः पाकिस्तान का निर्माण नहीं होता। इस थ्योरी में दो चीजें गलत हैं। पहला तो यह कि पीएम पद की पेशकश एक बार नहीं, बल्कि कई बार की गई थी और जिन्ना ने हर बार प्रस्ताव ठुकरा दिया। दूसरा यह कि इसमें नेहरू के सहमत होने या न होने का मामला नहीं था। सबसे अधिक उद्धृत उदाहरण अप्रैल 1947 का है,**



बीते 25 दिसंबर को पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना की 147वीं जयंती थी। मुसलमानों के लिए अलग देश बनाना जिन्ना का सपना था। लेकिन सपना साकार होने के तुरंत बाद जिन्ना की मौत हो गई थी। इस तरह पाकिस्तान में जिन्ना की यादें, जीत की यादें हैं। पाकिस्तान बनाने का उनका फैसला कितना सही था, इसकी जांच हो पाती, उससे पहले ही उनकी मृत्यु हो गई। इस तरह वह उस कसौटी से बच गए, जिसका सामना भारत में नेहरू को करना पड़ा। जिन्ना की मौत को लेकर अटकलें सीमा के दोनों ओर लंबे समय तक बनी रहीं। इस आर्टिकल में हम जिन्ना के जीवन के तीन अलग-अलग पहलुओं के बारे में जानेंगे। भारत की आजादी और विभाजन से पहले के उथल-पुथल वाले वर्षों की एक लोकप्रिय अफवाह यह है कि महात्मा गांधी ने जिन्ना को प्रधानमंत्री बनने का ऑफर दिया था और यदि नेहरू सहमत हो जाते, तो संभवतः पाकिस्तान का निर्माण नहीं होता। इस थ्योरी में दो चीजें गलत हैं। पहला तो यह कि पीएम पद की पेशकश एक बार नहीं, बल्कि कई बार की गई थी और जिन्ना ने हर बार प्रस्ताव ठुकरा दिया। दूसरा यह कि इसमें नेहरू के सहमत होने या न होने का मामला नहीं था। सबसे अधिक उद्धृत उदाहरण अप्रैल 1947 का है, जब गांधी ने नए वायसराय लॉर्ड लुईस माउंटबेटन के सामने प्रस्ताव रखा था कि जिन्ना को अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने की पेशकश की जाए। गांधी जी ने पहले भी यही सुझाव दिया था। लेकिन जैसा कि अमेरिकी इतिहासकार स्टैनली वोल्पर्ट अपनी किताब 'जिन्ना ऑफ पाकिस्तान' में लिखते हैं, 'अगर जिन्ना गांधी पर भरोसा करते तो इस तरह की पेशकश उन्हें लुभा सकती थी। लेकिन उनका (जिन्ना) मानना था कि गांधी की 'स्वतंत्र भारत' की अवधारणा मूल रूप से उनसे अलग हैज गांधी के लिए स्वतंत्रता का मतलब कांग्रेस राज है। ' जिन्ना ने यह बात 6 दिसंबर, 1945 को अपने भाषण में भी कही थी। उन्होंने स्पष्ट किया था कि हिंदू और मुसलमान इस उपमहाद्वीप में रहने वाले दो प्रमुख राष्ट्र हैं। जिन्ना ने कहा था, 'जब्रिटिश सरकार ने निश्चित रूप से भारत के विभाजन और पाकिस्तान और हिंदुस्तान की स्थापना के लिए अपना दिमाग लगाया। यह सही भी है। इसका मतलब है दोनों देशों के लिए स्वतंत्रता। जबकि एक संयुक्त भारत का अर्थ है मुसलमानों के लिए गुलामी और इस उपमहाद्वीप में साम्राज्यवादी हिंदू राज का पूर्ण प्रभुत्व। हिंदू कांग्रेस यही हासिल करना चाहती है महाराजा हरि सिंह को भारत में शामिल होने के लिए मजबूर होना पड़ा था क्योंकि अक्टूबर 1947 में उनके राज्य जम्मू और कश्मीर पर पाकिस्तान के कबाइलियों ने हमला कर दिया था। भारत का मानना है कि कबायलियों को पाकिस्तान ने सपोर्ट किया। उन्हीं के इशारे पर कबाइलियों ने हमला किया। जबकि पाकिस्तान कहता रहा है कि उन्होंने कबायलियों की मदद नहीं की। बल्कि कबायलियों ने मुसलमानों के खिलाफ 'अत्याचारों का बदला लेने' के लिए हमला किया था। हालांकि यह सवाल उठता रहा है कि क्या कश्मीर पर हमले की योजना जिन्ना ने बनाई थी? अपनी पुस्तक कश्मीर इन कॉन्फ्लिक्ट में ब्रिटिश लेखिका विक्टोरिया स्कोफील्ड ने इस मामले पर रोशनी डालने की कोशिश की है। लेखिका के अनुसार, पाकिस्तान के रक्षा सचिव इस्कंदर मिर्जा ने 26 अक्टूबर को जॉर्ज कनिंघम को बताया था कि जिन्ना को लगभग 15 दिन पहले पता चला कि क्या हो रहा है। कबायलियों की योजना के बारे में चलने पर जिन्ना ने कहा था, 'मुझे इस बारे में कुछ मत बताओ।' हालांकि, अन्य टिप्पणीकारों मानते हैं कि जिन्ना को इस योजना की पूरी जानकारी थी। इससे पहले कि एक राष्ट्र के रूप में पाकिस्तान कोई आकार ले पाता, 1948 में जिन्ना की मृत्यु हो गई।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
7 नवम्बर, 2025

## छात्र संगठन एसएफआई ने प्राचार्य को तीन सूत्रीय मांगों को लेकर दिया ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**उदयपुरवाटी(निसं.)।** कस्बे की राजकीय महाविद्यालय में छात्र संगठन एसएफआई ने महाविद्यालय प्राचार्य को 3 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया।जो महाविद्यालय के प्रवेश द्वार पर वर्दी धारक गार्ड की व्यवस्था की करवाने जिससे बाहर से कोई अनावश्यक कॉलेज में बिना काम घूमे नही। प्रत्येक छात्र छात्रा के आई कार्ड की व्यवस्था करवाने एंव व्याख्याता सही समय पर आए व समय अनुसार अध्ययन करवाने की मांग की।तहसील कमेटी महासचिव शिवा वर्मा की ने बताया कि ये सब माग छात्र की हितों के लिए है। बार बार अवगत करवाने के बावजूद ध्यान नही दिया जा रहा है। इस दौरानबबलू सैनी ,मुकेश मीणा, शुभम,निखिल , अंकित ,विकाश, अनिल, मोहित सैनी सहित अन्य छात्र मौजूद रहे ।।

## उदयपुरवाटी से शाकम्भरी तक टूटी सड़क को लेकर सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**उदयपुरवाटी(निसं.)।** कस्बे के से शाकंभरी माता तक सड़क पूरी तरह टूटी हुई हैं सड़क बनाने का वादा पूर्व में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कर भी दिया परन्तु अभी तक सड़क बनाने को लेकर कोई आदेश नही आ रहे गत माह सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर ने भी सड़क की हालत देख नाराजगी जताई थी उसके बावजूद भी सड़क नही बन पा रही। टूटी सड़क की शिकायत को लेकर एक बार फिर सुनिल शेरावत के नेतृत्व में उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन दिया ओर ज्ञापन में बताया कि अगर 10 दिन में टूटी सड़क बनाने का जवाब नहीं आता है तो स्थानीय लोग पीडब्ल्यूडी विभाग के बाहर धरना प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान अरविंद सैनी , भवानी राजोरिया, अंकित योगी , बाबा , अनु योगी , सोनू स्वामी , अंकित सैनी , अशोक कुमावत , नंदू शेखावत , मयंक , विष्णु गुर्जर , प्रह्लाद गुर्जर , राहुल सैनी , पप्पू गुर्जर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## शहीद स्मारक के पास ट्रौला ने मारी बाइक को टक्कर एक घायल



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ(निसं.)।** नवलगढ कस्बे शहीद स्मारक के पास एक तेज रफ्तार में ट्रौला सीकर की और चल रहा था। जिसके आगे एक बाइक पर दो लोग स्वार चल रहें थे ट्रौला चालक ने बाइक को टक्कर मार कर हुआ फरार नजदीकी लोगों ने बाइक सवार जो कि गंभीर चोट से झूझ रहा था। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। और गंभीर चोट से झूझ रहे पीड़ित को संभाला और एक टेम्पो चालक की सहायता से जिला अस्पताल नवलगढ पहुंचाया। पीड़ित का बल्ड काफ़ी हद तक बह चुका था। जिला अस्पताल पहुंचने के बाद उसको लगभग 45 मिनट बाद सीकर रेफर किया गया। पुलिस जिला अस्पताल नहीं पहुंचीं और बाइक पर सवार दुसरा व्यक्ति सुरक्षित था। पीड़ित व्यक्ति नजदीकी टैक्टर रिपेयरिंग का काम करता था उस समय भी वो टैक्टर के काम से ही सीकर रोड़ की तरफ जा रहा था। एक व्यक्ति की गंभीर चोट के कारण सीकर में मौत हो गई। थानाधिकारी राधेश्याम सांखला का कहना है हादसे के उपरांत पुलिस मौके पर पहुंची थी तत्पश्चात ट्रौला चालक फरार हो चुका था।

## तकनीकी युग में कंप्यूटर ज्ञान बिना शिक्षा अधूरी



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)**वर्तमानयुग में तकनीकी शिक्षा होना जरूरी है। कंप्यूटर ज्ञान के बिना इस तकनीकी युग में शिक्षा अधूरी लगती होती है। उक्त विचार मण्डावा स्थित देवयांशी कंप्यूटर सेन्टर पर आयोजित डिप्लोमा वितरण कार्यक्रम में मुख्यातिथि वरिष्ठ पार्षद सपना शर्मा ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा की आधुनिक युग में कंप्यूटर ज्ञान के बिना शिक्षा अधूरी है। इस डिजिटल युग में कंप्यूटर स्कूली छात्रों को उनके पाठ्य पुस्तकों से इतर सीखने का अवसर प्रदान करते हैं। यह देश दुनिया से संबंधित विषयों पर ज्ञान को फैलाने में मदद पहुंचाता है। उल्लेखनीय है की देवयांशी कंप्यूटर सेंटर, मण्डावा द्वारा डब्ल्यूसीडी (महिला एवं बाल विकास) बैच 2025 का उद्घाटन हुआ । उद्घाटन समारोह में पार्षद सपना शर्मा, साधना मिश्रा (निदेशक), इंदु बाला शर्मा, संतोष शर्मा, देव्यांशी शर्मा, रितिका शर्मा, और चंद्र प्रकाश शर्मा (प्रबंधक) और डब्ल्यूसीडी के चयनित छात्र उपस्थित थे।

### महिला प्रिंसिपल को बड़ी राहतः

# राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाकरा की प्रिंसीपल के तबादले पर लगाई रोक, अपील अधिकरण ने शिक्षा विभाग से मांगा जवाब



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)** महिला प्रिंसिपल को बड़ी राहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाकरा की प्रधानाचार्य रीचा भूरिया के स्थानांतरण आदेश पर अपील अधिकरण ने फिलहाल रोक लगा दी है। अधिकरण ने मामले की सुनवाई के दौरान प्रार्थी की व्यक्तिगत परिस्थितियों, सेवा अवधि और बच्चे की कम उम्र को ध्यान में रखते हुए यह अंतरिम राहत दी है। इससे अब तक रीचा भूरिया बाकरा विद्यालय में ही कार्यरत रहेंगी। रीचा भूरिया का हाल ही में शिक्षा विभाग द्वारा बाकरा से सीकर जिले के बादूसर स्थित राजकीय विद्यालय में स्थानांतरण आदेश जारी किया गया था। इस आदेश के खिलाफ उन्होंने अपने अधिवक्ता संजीव महला के माध्यम से राजस्थान शिक्षा सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में याचिका दायर की थी। याचिका में अधिवक्ता संजीव महला ने अपील अधिकरण के समक्ष यह दलील दी कि प्रार्थी रीचा भूरिया एक महिला प्रधानाचार्य हैं, जो वर्तमान में झुंझुनूं जिले के ग्राम बाकरा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत हैं। उन्होंने यह भी बताया कि प्रार्थी ने विद्यालय में तीन वर्ष से अधिक अवधि तक निष्ठा पूर्वक सेवाएं दी हैं और उनके विरुद्ध कोई सेवा दोष या विभागीय कार्रवाई लंबित नहीं है। अधिवक्ता ने कहा कि शिक्षा विभाग ने बिना किसी तर्कसंगत कारण या प्रशासनिक आवश्यकता के प्रार्थी को बाकरा से सीकर जिले के बादूसर स्थानांतरित कर दिया, जबकि यह स्थानांतरण न केवल सेवा हित में अनुचित है बल्कि मानवीय दृष्टि से भी अन्यायपूर्ण है। याचिका में यह भी उल्लेख किया गया कि प्रार्थी का एक पांच वर्ष से कम उम्र का बच्चा है, जिसकी देखभाल और परवरिश की पूरी जिम्मेदारी उन्हीं पर है। ऐसे में उन्हें घर से लगभग 100 किलोमीटर दूर स्थित नए कार्यस्थल पर पदस्थापित करना पारिवारिक दृष्टि से अत्यंत कठिनाईपूर्ण होगा। अधिवक्ता महला ने दलील दी कि राजस्थान सरकार द्वारा भी समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों में यह स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि महिला कर्मचारियों, विशेषकर छोटे बच्चों की माताओं के तबादले करते समय उनकी पारिवारिक परिस्थितियों और सामाजिक जिम्मेदारियों का समुचित ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि रीचा भूरिया ने बाकरा विद्यालय में अपने कार्यकाल के दौरान शिक्षण गुणवत्ता, छात्र उपस्थिति और परीक्षा परिणामों में उल्लेखनीय सुधार किया है। विद्यालय के शिक्षकों और अभिभावकों ने भी उनके कार्य से संतुष्टि जताई है। विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने में भी उन्होंने अहम भूमिका निभाई है। अपील अधिकरण ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अंतरिम आदेश पारित करते हुए स्थानांतरण पर रोक लगा दी। अधिकरण ने यह माना कि प्रार्थी की ओर से उठाए गए बिंदु प्रथम दृष्टया गंभीर हैं और मामले की विस्तृत सुनवाई के बिना तबादले का क्रियान्वयन न्यायसंगत नहीं होगा। अधिकरण ने शिक्षा विभाग को नोटिस जारी करते हुए जवाब तलब किया है कि किन परिस्थितियों में तीन वर्ष की सेवा पूर्ण होने के बाद भी महिला प्रधानाचार्य को दूरस्थ क्षेत्र में भेजा गया, जबकि राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार महिलाओं के तबादलों में विशेष विचार किया जाना आवश्यक है।

## प्रभु से बढ़कर कोई और सुख और सम्पदा नहीं, भागवत कथा श्रवण करने वालों का सदैव होता है कल्याण




जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** गावं लुमास का बास स्थित श्रीबालाजी मन्दिर में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण के द्वितीय दिवस गुरुवार को कथा में अमर कथा और शुकदेवजी के जन्म का वृतांत का विस्तार से वर्णन किया गया। कथा वाचक चित्रकुट संत राजाराम महाराज ने कथा की शुरुआत करते हुए कहा कि आप सब पर ठाकुर जी की कृपा है। जिसकी वजह से आप आज कथा का आनंद ले रहे है। श्रीमद भगवत कथा का रसपान कर पा रहें हैं क्योंकि जिन्हें गोविन्द प्रदान करते है जितना प्रदान करते है उसे उतना ही मिलता है। कथा में यह भी बताया की अगर आप भागवत कथा सुनकर कुछ पाना चाहते हैं, कुछ सीखना चाहते है तो कथा में प्यासे बन कर आए, कुछ सीखने के उद्देश्य से, कुछ पाने के उद्देश्य से आएं, तो ये भागवत कथा जरूर आपको कुछ नहीं बल्कि बहुत कुछ देगी। मनुष्य जीवन विषय वस्तु को भोगने के लिए नहीं मिला है, लेकिन आज का मानव भगवान की भक्ति को छोड़ विषय वस्तु को भोगने में लगा हुआ है। उसका सारा ध्यान संसारिक विषयों को भोगने में ही लगा हुआ है। मानव जीवन का उद्देश्य कृष्ण प्राप्ति शाश्वत है। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन का उद्देश्य कृष्ण को पाकर ही जीवन छोड़ना है और अगर हम ये दृढ़ निश्चय कर लेंगे कि हमें जीवन में कृष्ण को पाना ही है तो हमारे लिए इससे प्रभु से बढ़कर कोई और सुख, संपत्ति या सम्पदा नहीं है। भगवत कथा के समय स्वयं श्रीकृष्ण आपसे मिलने आए हैं। जो भी इस भागवत के तट पर आकर विराजमान हो जाता है, भागवत उसका सदैव कल्याण करती है। उन्होंने कहा कि बिना जाति और बिना मजहब देखे इनसे आप जो मांगे ये आपको वो मनवांछित फल देती है और अगर कोई कुछ न मांगे तो उसे मोक्ष परियन्त तक की यात्रा कराती है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## सगा भतीजा ही निकला चोरः पुलिस ने बरामद किया सोने-चांदी के जेवरात, दिनदहाड़े घर में घुसकर की थी चोरी



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)** सगा भतीजा ही निकला चोर पुलिस थाना सदर झुंझुनूं क्षेत्र में हुई दिनदहाड़े चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पीड़ित का सगा भतीजा ही निकला। पुलिस ने चोरी किए गए जेवरात भी बरामद कर लिए है। सब से खास बात यह है कि जिस घर में चोरी हुई, वहां से गहने उड़ाने वाला कोई और नहीं बल्कि परिवादी का सगा भतीजा ही निकला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है। थाना अधिकारी मांगीलाल ने बताया कि17 अक्टूबर 2025 को इन्द्राज पुत्र गोमाराम जाट निवासी बुगालिया की ढाणी, तन अजाड़ी खुर्द, थाना सदर झुंझुनूं ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दोपहर करीब 12 बजे के आसपास अज्ञात चोर घर की दीवार फांदकर अंदर घुस गए। उन्होंने कमरे के ताले और संदूक का लॉक तोड़ दिया और उसमें रखे दो टेवटा, एक बोरला सहित अन्य आभूषण चोरी कर ले गए। शिकायत के बाद सदर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच उपनिरीक्षक मोहनलाल को सौंपी की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एफएसएल से घटनास्थल का निरीक्षण करवाया। इसके साथ ही तकनीकी साक्ष्य जुटाए गए और आस-पास के लोगों से पूछताछ कर सुराग इकट्ठे किए गए। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि चोरी की वारदात किसी ऐसे व्यक्ति ने की है जिसे घर की स्थिति, अंदर-बाहर की जानकारी और परिवार के आने-जाने का समय पता था। इसी आधार पर पुलिस ने परिवादी के परिजनों से भी पूछताछ शुरू की। जांच के दौरान शक की सुई परिवादी के ही भतीजे विरेन्द्र उर्फ बंटी (38) पुत्र रामकुमार निवासी बुगालिया की ढाणी, तन अजाड़ी खुर्द, थाना सदर झुंझुनूं की ओर घूम गई। पुलिस ने जब आरोपी विरेन्द्र उर्फ बंटी को पूछताछ के लिए बुलाया तो वह बार-बार टालमटोल करता रहा और गोलमोल जवाब देने लगा। पुलिस टीम को उसके व्यवहार पर संदेह हुआ। गहन पूछताछ करने पर आरोपी आखिरकार टूट गया और उसने वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार कर ली। आरोपी ने बताया कि वह अपने चाचा के घर में पहले भी आता-जाता था और उसे पता था कि संदूक में आभूषण रखे हुए हैं। आर्थिक तंगी और लालच के चलते उसने चोरी की योजना बनाई और 17 अक्टूबर की दोपहर घर की दीवार फांदकर अंदर घुस गया। ताले तोड़कर संदूक से दो टेवटा, एक बोरला और एक पायजेब जोड़ी चोरी कर ली आरोपी के खुलासे के बाद पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी किए गए आभूषण बरामद कर लिए। पुलिस ने दो टेवटे, एक बोरला और एक जोड़ी पायजेब को सुरक्षित कब्जे में लिया है। थाना अधिकारी मांगीलाल ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है और संभावना है कि उसने आसपास के अन्य स्थानों पर भी इसी तरह की वारदातों को अंजाम दिया हो। पुलिस अब आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच कर रही है।

## झुंझुनूं में 17 केंद्रों पर कंडक्टर भर्ती परीक्षाः 10 बजे बाद नहीं मिली एग्जाम सेंटर में एंट्री, सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)** झुंझुनूं 17 परीक्षा केंद्रों पर कंडक्टर भर्ती एग्जाम के लिए कड़ी जांच के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आयोजित परिचालक (कंडक्टर) के 500 पदों के लिए सीधी भर्ती परीक्षा जिले में सुबह 11 बजे से शुरू हो गई। झुंझुनूं जिले में परीक्षा के लिए कुल 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए है, जहां 6528 अभ्यर्थी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। यह परीक्षा एक ही पारी में आयोजित की जा रही है। जिला प्रशासन ने परीक्षा के सफल, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण आयोजन के लिए अभूतपूर्व व्यवस्थाएं की हैं। केंद्रों पर सुबह 9 बजे से ही भारी भीड़ परीक्षा शुरू होने से काफी पहले, सुबह 9 बजे से ही झुंझुनूं शहर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की भारी भीड़ जुटना शुरू हो गई थी। प्रशासन द्वारा तय किए गए सख्त प्रवेश नियमों के कारण केंद्रों पर गहमागहमी का माहौल रहा। नो एंट्री 10 बजेः अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले, यानी ठीक सुबह 10 बजे तक ही केंद्र में प्रवेश की अनुमति दी गई। इसके बाद आने वाले किसी भी अभ्यर्थी को अंदर नहीं जाने दिया गया। सघन फ्रिस्किंगः प्रवेश से पहले, सुरक्षा कर्मियों ने पहचान पत्र और प्रवेश पत्र की गहन जांच की। मेटल डिटेक्टर से फ्रिस्किंग की गई और मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, ईयरफोन समेत सभी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को बाहर ही जमा करवा लिया गया। यातायात पर दबावः ग्रामीण क्षेत्रों और सीकर, चूरू, नागौर जैसे जिलों से आए अभ्यर्थियों के कारण झुंझुनूं बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर सुबह से ही काफी भीड़भाड़ रही। कई अभ्यर्थी निजी वाहनों और बसों से जल्दी पहुंचकर समय पर केंद्र पहुंचने की जद्दोजहद करते दिखे। सीसीटीवी कैमरों से निगरानीः सभी 17 परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात है। परीक्षा हॉल के अंदर सीसीटीवी कैमरों से पल-पल की निगरानी रखी जा रही है, ताकि नकल या किसी भी तरह की अनियमितता को तुरंत रोका जा सके। परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर दायरे में धारा-144 लागू जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक खुद शहर के प्रमुख परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। नकल और बाहरी तत्वों के हस्तक्षेप को रोकने के लिए सभी केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू कर दी गई है। फ्लाइंग स्क्वॉड की टीमें भी लगातार गश्त कर रही हैं।

## पुष्कर में राष्ट्रीय जाट शताब्दी सम्मेलन में सरदारशहर क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग होंगे शामिल



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** पुष्कर में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय जाट शताब्दी सम्मेलन में सरदारशहर क्षेत्र से जाट समाज के बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। इस संबंध में जाट विकास संस्थान भवन में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता संस्थान के पूर्व अध्यक्ष रेवंतराम बेनीवाल ने की। बैठक में पूराराम गांधी, डेयरी चेयरमैन लालचंद मुण्ड, ईश्वरराम डूडी, दौलतराम सारण ने प्रस्ताव रखा कि 9 नवंबर को पुष्कर में होने वाले सम्मेलन में सरदारशहर क्षेत्र से अधिकतम संख्या में जाट समाज के लोग भाग लें। सभी सदस्यों ने एक स्वर में इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए समाज के सामूहिक उत्थान और एकता को मजबूत करने पर बल दिया। बैठक में सांवताराम दहिया, बीरबलनाथ सिद्ध, हीरालाल बेनीवाल, रामूराम रुहिल, विशाल जाखड़, जयप्रकाश सारण, शंकरलाल कड़वासरा, गोपीराम सारण, भंवरलाल सारण, मोतीराम सारण, महावीरप्रसाद सहू, चेतराम सारण, नन्दलाल चाहर सहित समाज के लोग उपस्थित रहे। पुष्कर जाट सम्मेलन का निमंत्रण देने आए संजय घिंटाला ने कहा कि यह सम्मेलन समाज के गौरवशाली इतिहास को पुनर्जीवित करने का अवसर है। समाज के लोग संगठित होकर अधिक से अधिक संख्या में पुष्कर पहुंचें और समाज के विकास में अपना योगदान दें।

## जल है तो कल है के महत्व को बच्चों ने समझा, जल संरक्षण में बच्चे निभाएंगे जिम्मेदारी



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** जल सुरक्षा को भावी पीढ़ियों के लिए सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना ने सरदारशहर में एक महत्वपूर्ण सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। नई पेयजल वितरण प्रणाली विकसित करने की परियोजना के तहत मित्तल स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य फोकस छात्र-छात्राओं को जल संरक्षण के महत्व और सरकार की लाभकारी जल वितरण योजनाओं के प्रति संवेदनशील बनाना था। जल है तो कल है, अमूल्य जल के महत्व पर ज़ोर कार्यक्रम का संचालन करते हुए आरयूआईडीपी के अधिशाषी अभियंता मनोज कुमार मित्तल ने जल ही जीवन का आधार है के मूल मंत्र को दोहराया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जल है तो कल है और उपस्थित जनसमूह से जल संरक्षण को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। मित्तल ने बल देकर कहा कि जल के विवेकपूर्ण उपयोग से ही भविष्य के लिए स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकती है। मीटर युक्त आपूर्ति से होगा जल संकट का समाधान सहायक सामाजिक विकास अधिकारी विकास शर्मा ने बताया कि आरयूआईडीपी परियोजना के अंतर्गत सरदारशहर में मीटरयुक्त और पर्याप्त जल आपूर्ति की व्यवस्था की जाएगी जो जल संकट के समाधान में अत्यंत सहायक सिद्ध होगी। शर्मा ने बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण जल संसाधनों पर पड़ रहे दबाव पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अभी से जल संरक्षण के प्रति गंभीर प्रयास नहीं किए गए तो स्वच्छ जल का अभाव भविष्य में एक विकराल समस्या बन सकता है। विद्यार्थियों को जल बचाने के तरीके बताते हुए शर्मा ने छात्रों को प्रेरित किया कि वह फर्श को पाइप से धोने के बजाय पोछे का उपयोग करें। साथ ही शेविंग जैसे कार्यों के दौरान नल को अनावश्यक रूप से खुला न छोड़कर मग में जल लेकर उपयोग करें। उन्होंने समझाया कि इस प्रकार के छोटे-छोटे प्रयासों से ही जल की अपार मात्रा को संरक्षित किया जा सकता है। स्कूल के प्रिंसिपल रमाकांत शर्मा ने रूडीप की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों में प्रारंभिक स्तर पर जल संरक्षण की भावना विकसित करना दीर्घकालिक लाभकारी होगा और यह प्रयास समाज में जागरूकता के प्रसार का एक सशक्त माध्यम है। इस प्रेरक कार्यक्रम में सोशल आउटरीच टीम के सदस्य पवन सिंह और विद्यालय परिवार से व्यवस्थापक महेश, कोर्डिनेटर मधु बैद, अध्यापक शुभम, मनीष शर्मा, मनीष वर्मा और स्वाति मोर ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। यह आयोजन न केवल जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने में सफल रहा। अपितु समाज के प्रत्येक वर्ग को जल के महत्व और इसके संरक्षण की अनिवार्यता का संदेश देने में भी प्रभावी सिद्ध हुआ है।

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
7 नवम्बर, 2025


## विधि प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक एडवोकेट सौरभ सारस्वत का किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** भारतीय जनता पार्टी के विधि प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक एडवोकेट सौरभ सारस्वत का सरदारशहर पधारने पर होटल बीकाणा में अधिवक्ताओं ने भव्य स्वागत किया। जयपुर से हनुमानगढ भाजपा के एक कार्यक्रम में जाते वक्त यहां कुछ समय के लिए रुके और अधिवक्ताओं से मिले। इस अवसर पर अभिभाषक संघ के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता माणकचंद भाटी, अध्यक्ष सुरेंद्रसिंह निर्वाण, मुरलीधर सैनी, अपर लोक अभियोजक पवन कुमार सैनी, अधिवक्ता जगदीश सैनी, नरेशचंद्र भाटी, संदीप भोजक, मोहसिन खान सांखला, भगवतीप्रसाद सांडेला, राकेश सैनी, रितेश चौहान, विनय श्रीधर, पंकज सेन, सोनू पारीक, समीर आदि ने मालाऐं पहनाकर स्वागत किया।

## डीएसपी कुलदीप वालिया ने किया पदभार ग्रहण

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** गंगानगर से स्थानांतरण होकर आए कुलदीप वालिया ने सरदारशहर डीएसपी का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाना और पीड़ित को न्याय दिलाने का कार्य प्राथमिकता से किया जाएगा। इस अवसर पर सीआई मदनलाल विश्नोई ने पुष्प गुच्छ व मुरलीधर सैनी ने मालाऐं पहनाकर स्वागत किया।

## पूर्णिमा पर दानवीर हनुमान मंदिर में महा आरती का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** शहर के कबूतरया कुआं के पास स्थित सिद्ध पीठ श्री दान दानवीर हनुमान मंदिर में पूर्णिमा के शुभ अवसर पर बुधवार शाम भगवान बालाजी महाराज की भव्य महा आरती का आयोजन किया गया। मंदिर के महंत महावीर दास महाराज के सानिध्य में बड़ी संख्या में भक्तों ने आरती में हिस्सा लिया और भगवान की महाआरती में शामिल होकर भक्तिमय वातावरण का आनंद उठाया। आरती के दौरान मंदिर परिसर में 'बालाजी महाराज की जय' के जयघोष गूंज उठे। महाआरती के पश्चात भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन को सफल बनाने में मंदिर महंत महावीर दास महाराज एवं सेवकों का विशेष योगदान रहा।



## किरोड़ीमल मीणा का भाजपाइयों ने किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** राजस्थान केबिनेट मंत्री किरोड़ीमल मीणा का बीकानेर से जयपुर जाते समय विनायक रिसोर्ट, नारायण का बास पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। विनायक ग्रुप के नवरंग चौधरी, पूर्व सरपंच मानासी महावीर मतवा, कपिल ठेकेदार बऊ, विधाधर एवं शिक्षक संघ राष्ट्रीय के सुल्तान सिंह भास्कर ने मंत्री मीणा का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी तथा राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की। मंत्री मीणा ने कहा कि सरकार किसानों और आमजन के हित में निरंतर कार्य कर रही है तथा विकास की गति को और तेज किया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक पार्टी कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

## ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई, 15 डंपरों के काटे चालान

**पाटन(निसं.)।** जयपुर में हाल ही में हुई घटना के बाद प्रदेश सरकार ने ओवरलोड वाहनों पर नकेल कसनी शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर गृह मंत्रालय जयपुर द्वारा गठित संयुक्त टीम ने प्रदेशभर में औचक कार्रवाई शुरू कर दी है।4 नवम्बर की आधी रात से चल रही इस विशेष मुहिम में नीमकाथाना क्षेत्र के माइनिंग जोन में मैसेनरी स्टोन का अवैध परिवहन करते 13 डंपरों को जब्त किया गया। वहीं पाटन पुलिस ने भी दो ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान काटे।संयुक्त टीम में एसएमई जयपुर एन.एस. शक्तावत, विजिलेंस अधिकारी प्रताप मीणा के नेतृत्व में गोपनीय तरीके से छापेमारी की गई। टीम में एमई अलवर मनोज शर्मा, एएमई दौसा एल.सी. मीणा, पाटन थानाधिकारी विद्याधर शर्मा,जयपुर से सुभाष डांगी, माइनिंग विभाग के 9 फोरमैन और 21 होमगार्ड शामिल रहे।डीएमजी महावीर प्रसाद मीणा द्वारा बनाई गई विशेष टीम ने औचक निरीक्षण कर डंपरों को पाटन थाने के सुपुर्द किया। नीमकाथाना के कालाकोटा क्षेत्र में मैसेनरी स्टोन के नाम पर आयरन ओर के अवैध खनन की भी जांच शुरू कर दी गई है।इसी क्रम में झुंझुनूं के खेतड़ी क्षेत्र में भी आधी रात को पेट्रोलिंग की गई। प्रमुख सचिव (माइंस) टी. रविकांत लगातार सख्त कार्रवाई के निर्देश दे रहे हैं। प्रशासनिक सख्ती के बाद खनन माफियाओं और वाहन मालिकों में हड़कंप मचा हुआ है।

# संघर्ष चेतना यात्रा का चूरू पहुंचने पर किया भव्य स्वागत



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की संघर्ष चेतना यात्रा महासंघ प्रदेश महामंत्री महावीर सिहाग के नेतृत्व में गुरुवार को शिक्षक भवन पहुंची। महासंघ के जिलाध्यक्ष रिछपाल सिंह चारण के नेतृत्व में संघर्ष चेतना यात्रा का माला व साफा पहनाकर भव्य अभिनंदन किया गया। महासंघ के प्रदेश महामंत्री महावीर सिहाग ने बताया कि महासंघ द्वारा सितंबर माह से चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा 9 अक्टूबर को निगम बोर्ड व अन्य स्वायत्तशासी संस्थाओं में वित्तीय संकट का हवाला देते हुए कार्यरत कार्मिकों की ओपीएस छीनने का षड्यंत्रकारी प्रयास किया गया। विभिन्न विभागों में पदोन्नति के समान अवसर, संविदा कार्मिकों को नियमित किए जाने, वेतन विसंगति दूर करने, नियमित भर्ती, पारदर्शी पूर्ण तरीके से स्थानांतरण नीति लागू करने सहित 11 सूत्री मांगों को लागू करने की मांग की गई। इस दौरान आयुर्वेद नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेंद्र फोगाट ने कहा कि कर्मचारियों की 11 सूत्री मांगों को बार-बार धरना प्रदर्शन व ज्ञापन के माध्यम से सरकार तक पहुंचाया गया, लेकिन सरकार द्वारा कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने संवाधीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि महासंघ के दो जत्थे प्रदेश के सभी जिलों में संघर्ष चेतना यात्रा कर कर्मचारियों के बड़े आंदोलन की नींव तैयार करेंगे। नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष प्यारेलाल चौधरी ने बताया कि सरकार द्वारा यदि ओपीएस से छेड़छाड़ की गई, तो पूरे प्रदेश में आंदोलन किया जायेगा। सहायक कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष मानसिंह ने कहा कि राज्य सरकार का 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है, लेकिन सरकार ने अपने घोषणा पत्र में कर्मचारियों के लिये जो वादे किए थे, वे अभी तक पूरे नहीं हुये हैं। पुरानी पेंशन योजना को लेकर सरकार की धुल-मिल नीति के कारण कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष जसवंत सिंह नरूका ने कहा कि कर्मचारी आंदोलन में भाग लेकर सरकार पर दबाव बनाए। महासंघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष रामलाल जाट ने कहा कि सरकार द्वारा कर्मचारियों को वाजिब हक न देना, पारदर्शी स्थानांतरण नीति लागू नहीं करना, वेतन विसंगति दूर करने व समय पर पदोन्नति नहीं किए जाने पर कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। इस अवसर पर महासंघ के झुंझुनू जिलाध्यक्ष उम्मेद सिंह, देवेंद्र सिंह, विजय आनंद गुप्ता, शिक्षक संघ शेखावत के प्रदेश उपाध्यक्ष भंवरलाल कस्वां, वेदपाल मलिक, विजय पोटलिया, कमल वर्मा, बाबू खां, मातुसिंह राठौड़, विजेंद्र सिंह राठौड़, बीरबल सिंह धारीवाल, सुमेर सिहाग, खींवाराम ख्यालिया, गोपीचंद खीचड़, सुरेंद्र सीगड़ा, मोहम्मद शकील, बृजलाल खीचड़, भंवरलाल पूनिया, बजरंग बिस्सू, शंकरलाल मीणा, अनिल लांबा, अरविंद सिहाग, भंवरलाल डूडी, रवीन्द्र बुरड़क, प्रदीप चौधरी, मदनलाल सहारण, भोजराज शर्मा, ओमप्रकाश मुहाल, यूनूस अली, घनश्याम सिंह सहित महासंघ से सम्बद्धता प्राप्त सभी घटक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित थे। महासंघ के जिला महामंत्री फूलेसिंह बुरड़क ने सभी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन शूभकरण नैण ने किया।

## मृत्यु कारित करने वाला आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** कोतवाली पुलिस ने गफलत व लापरवाही से वाहन चलाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। सीआई बैगाराम मीणा ने बताया कि 15 सितम्बर को भंवरलाल गोदारा निवासी सुजानगढ़ ने रिपोर्ट दी थी कि उसका छोटा भाई श्रवण कुमार व पाना देवी बाईक पर सवार होकर खेत से घर पर आ रहे थे। तभी पीछे से बोलेरो के चालक ने टक्कर मार दी। जिससे पाना देवी की मृत्यु हो गई, जबकि श्रवण कुमार का उपचार चल रहा है। इस रिपोर्ट पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। एएसआई तेजाराम ने मामले की जांच करते हुए आरोपी रूपाराम पुत्र नथूराम मेघवाल, निवासी गांव गेड़ाप को गिरफ्तार किया है। सीआई बैगाराम मीणा ने बताया कि आरोपी शराब पीकर वाहन चलाते हुए पाया गया। पुलिस हाल ही में जयपुर में शराब पीकर डंफर चालक द्वारा बड़ी दुर्घटना कारित करने का वाकया होने के बाद सक्रिय है और लगातार ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही कर रही है, जो शराब पीकर वाहनप चला रहे हैं।




**नगरपालिकामण्डल, रतनगढ़ (राजस्थान)**

क्रमांकः- नपार / भूमि / 2025/3894-96 दिनांक :4.11.25

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचति किया जाता है कि निम्नांकित आवेदकगण द्वारा नीचे अंकित प्रयोजन हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किये हैं। उक्त के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्थान को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, तय समयावधि में आपत्ति प्रस्तुत नहीं होने पर आगामी कार्यवाही अमल में लायी जावेगी। बाद मियाद कोई उजर आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र.सं. | पत्रावली क्रमांक /दिनांक | नाम आवेदकगण / पता | भू-खण्ड का क्षेत्रफल | वांछित प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| 01 | LD/RTNG/2025-26/311104/ 03-11-2025 | श्री रामप्रताप शर्मा पुत्र श्री पोकर मल जाति ब्राहमण, निवासी सूर्य सिनेमा के पास वार्ड नं. 33, रतनगढ | 139.86 वर्ग मीटर | 69 'क' |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका रतनगढ़**



**कार्यालय नगरपरिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**

क्रमांक : – न.प.सु./भूमि शाखा/2025/7569 दिनांक 01–11–2025

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे अंकित निम्नलिखित व्यक्ति द्वारा कृषि भूमि नियमन के अन्तर्गत पट्टा नियमन हेतु आवेदन किया हुआ है। उक्त के सम्बंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो आपत्ति प्रकाशन के 03 दिवस में मय दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत करे। बाद मियाद गुजरने पश्चात् किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और इकतरफा कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | कस्बा | ख.नं. | क्षेत्रफल वर्गमीटर | आवासीय/व्यावसायिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | श्रीमती भगवती देवी पत्नी श्री नेमीचन्द | सुजानगढ़ | 260 | 145.85 | आवासीय |

आयुक्त
नगरपरिषद, सुजानगढ़


## पड़ोसियों ने घर और दुकान में घुसकर किया हमलाः तोड़फोड़ भी की, महिला के गहने लूटने का भी आरोप

**झुंझुनूं** झुंझुनूं में शहर के वारिसपुरा रोड स्थित संतोष नगर इलाके में मंगलवार शाम एक परिवार पर जानलेवा हमला, लूटपाट और मारपीट की वारदात सामने आई है। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले 4 लोगों ने नरेश कुमार लाटा की दुकान और घर में घुसकर परिवार पर हमला किया और तोड़फोड़ की। इस दौरान आरोपियों ने महिला के सोने के गहने भी लूट लिए। पीड़ित परिवार ने कोतवाली थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। मारपीट–लूटपाट का एक वीडियो भी सामने आया है। दुकान और घर में घुसकर की तोड़फोड़ और मारपीट शहर के वार्ड नंबर 16, संतोष नगर निवासी नरेश कुमार लाटा (50) की वहीं पर दुकान और आवास दोनों हैं। नरेश कुमार ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि मंगलवार 4 नवंबर की शाम करीब 6 बजे उनके पड़ोसी माया देवी, धनराज माच्छलपुरिया और 2 अन्य व्यक्ति अचानक उनकी दुकान में घुस आए। आरोपियों ने वहां मौजूद नरेश कुमार, उनकी पत्नी और बच्चों पर हमला कर दिया। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने दुकान में रखे सामान की तोड़फोड़ की, गाली-गलौज की और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। जब नरेश कुमार की पत्नी बीच-बचाव के लिए आगे आईं, तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की और उनके शरीर पर पहने सोने के गहने तोड़कर लूट लिए।


**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT BALLUPURA P.S. PATAN (SIKAR)**

S. No. 93 DATE : 04-11-2025

**Notice Inviting Bid**

Bid for Rate contract works undar Other Scheme are invited from intersted bidders upto Date 11.11.2025, 11:00 AM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in&http://eproc.raj.nic.in) of the state. The approximate value of work is maximum RS : 499793

UBN No. PKP2526WSOB00207

**PRASHASHAK**
**G.P. BALLUPURA**

**VDO**
**G.P. BALLUPURA**



**कार्यालय ग्राम पंचायत जीलो**

**पंचायत समिति पाटन, जिला- सीकर राज.**

क्रमांकः- 245 दिनांक 4-11-2025

**Bid & Notice**

Bid for Construction works under other schme are inviteol form interesteol bidders Opto 4-11-2025- 9.30 Am to 11-11-2025 1.00 pm other particulars of the Bid may be visited on the procurement portal http//SPPP raj.nic.in) of the state. The apporoximate value of the work in max 5.00 lakh.

UBN No. - PKP2526WSOB00204-206

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत जीलो**
**प. स. पाटन (सीकर)**

**प्रशासन**
**ग्राम पंचायत जीलो**
**प. स. पाटन (सीकर)**


## गुमशुदा मोबाइल मालिको को लौटाया



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निसं.)** थाना क्षेत्र से गुम हुए मोबाईल फोन को बरामद कर थानाधिकारी कमलेश कुमार ने मोबाईल धारकों को गुरूवार को सुपुर्द किए हैं। थानाधिकारी ने बताया कि राजलदेसर क्षेत्र से मोबाइल की गुमशुदगी पर कार्यवाही करते हुए आज 8 मोबाईल फोन बरामद किए जा चुके हैं। पुलिस ने गुरूवार को अलग-अलग क्षेत्रों से आए 8 लोगों को फोन सुपुर्द किए हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक एसपी जय यादव के निर्देशानुसार इस अभियान में साइबर सेल व तकनीकि विशेषज्ञों के साथ मिलकर राजलदेसर थाने की विशेष टीम ने गुमशुदा मोबाईल धारकों की रिपोर्ट पर जांच कर फोन को बरामद कर मोबाइल धारकों को सुपुर्द किये।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक हुए घायल

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** हनुमानगढ़ किशनगढ़ मेगा हाईवे पर देवानी बाई पास के पास कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर घायल हो गए। घायलों मे गोपाल राम, उमाशंकर निवासीगण पडिहारा के नाम शामिल हैं। राहगीर अकील और अन्य की मदद से 108, टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, मनोज प्रजापत, नवरत्न बिजारणिया आदि की सहायता से सुजानगढ़ के सरकारी अस्पताल की इमरजेंसी मै भर्ती कराया गया, जहाँ इलाज किया गया। उमाशंकर को गंभीर हालत के कारण हायर सेंटर रेफर क़र दिया गया। मौक़े पर छापर पुलिस पहुंची तथा जाँच शुरू की।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DN RATANGARH**

No: 2062-2071 Date: 28-10-2025

**Notice Inviting Bid No 22/2025-26**

Bids for 19 (Ninteen Nos) work are invited from interested bidders upto 06.00 PM dated 11.11.2025 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in/http://sppp.raj.nic.in) of the state and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 57.88 Lacs

NIB NO PHD2526A4058

UBN No:

1.PHD2526WSOB15713 2.PHD2526WSOB15714
3.PHD2526WSOB15715 4.PHD2526WSOB15716
5.PHD2526WSOB15718 6.PHD2526WSOB15719
7.PHD2526WSOB15720 8.PHD2526WSOB15721
9.PHD2526WSOB15722 10.PHD2526WSOB15723
11.PHD2526WSOB15724 12.PHD2526WSOB15725
13.PHD2526WSOB15726 14.PHD2526WSOB15727
15.PHD2526WSOB15728 16.PHD2526WSOB15729
17.PHD2526WSOB15730 18.PHD2526WSOB15731
19.PHD2526WSOB15732

DIPR/C/16156/2025

**Executive Engineer**
**PWD Dn. Ratangarh**



**कार्यालय उप वन संरक्षक, चूरू**

इस कार्यालय के अधिन निम्नानूसार विकास कार्य करवाये जाने है:-

| क्र.सं. | बिड संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि | UBN नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अल्पकालीन ई बोली सूचना संख्या 22/2025-26 | RCC POST Size 2.40= 8792 नग की सप्लाई एवं परिवहन कार्य | 34.29 लाख | FOR 2526 GLOB 03025 |
| 2 | अल्पकालीन ई बोली सूचना संख्या 23/2025-26 | Hot Galvanized Barbed Wire size 13 गैज तार तथा 14 गैज का कांटा सप्लाई एवं परिवहन कार्य | 21.39 लाख | FOR 2526 GLOB 03027 |
| 3 | अल्पकालीन ई बोली सूचना संख्या 24/2025-26 | पोलीथीन बैग्स साईज 12.5 X 30 सेमी एवं 20 X 40 सेमी 120 माईक्रोन | 11.35 लाख | FOR 2526 GLOB 03029 |

अल्पकालीन ई बोली से संबंधित समस्त विवरण / नियम एवं शर्तें वेबसाईट www. sppp.raj.nic.in & www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है ।

DIPR/C/16239/2025

**उप वन संरक्षक,**
**चूरू**



**Office of Superintendent Engineer Cum Project Manager WCDC, Zila Parishad Churu**

S.No. 1797 Date: 30/10/2025

**NOTICE INVITING BID**
**E-NIT No 14/2025-26**

Bids for Watershed development works Churu of estimated value 19.6056 are invited from interested bidders up to 31.10.2025, 10:00 AM to 11.11.2025, 17:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.rajasthan.gov.in http://eproc.rajasthan.gov.in) of the state/ departmental website.

NIB Ref.No. ENIT_14_2025_26_SE_CHURU
NIB Code - WSC2526A0910
UBN- WSC2526WSRC01566

**अधिक्षण अभियन्ता एवं परियोजना प्रबन्धक**
**वाटरशेड सैल कपडा सेन्टर**
**जिला परिषद, शुरू**

DIPR/C/16226/2025



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, PHED DIVISION CHURU (RAJ.)**

Tel. 01562-250343, e-mail-eephedchuru@gmail.com, ee.chu.phed@rajasthan.gov.in

No:- 2017-2030 Date: 30-10-2025

**NOTICE INVITING BID**

Bids for Nit no 21/2025-26 Urgent repairing of 1250 KVA power transformer at Head works Bhaleri under Division churu with one year defect liability period and Nit no 22/2025-26 Rate Contract for Removing of Leakages of Pipe Line, Choke Removing & Water Connection Shifting at City Churu UWSS under PHED City Sub Div. Churu.are invited form interested bidders upto 11-11-2025 (17:00 Hrs) Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal. http://sppp.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state and phed.raj.nic.in. The approximate value of the procurement is Nit no 21/2025-26 Rs. 05.45 Lacs. and Nit no 22/2025-26 Rs. 20.00 Lacs.

UBN No. PHE2526WS0B08042 RS 05.45 Lacs.
UBN No. PHE2526WSRC08044 RS 20.00 Lacs.

DIPR/C/16137/2025

**Executive Engineer,**
**PHED Division Churu**

## रावणा राजपूत समाज द्वारा अन्नकूट महोत्सव का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** रावणा राजपूत समाज द्वारा कार्तिक पूर्णिमा पर श्रीकोठा के ठाकुर जी के अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। शोभायात्रा समाज के नोहरे से प्रारंभ होकर श्री ठाकुर जी के मंदिर पहुंची।भोग लगाकर सभी महिला पुरुष नाचते गाते पंचायत चौक से तेजाजी चौक होते हुए राजभवानी वाटिका पहुंचे जहां पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समाज महासचिव धर्म सिंह पंवार ने बताया कि सभी रावणा सरदार मेवाड़ी साफे और महिलाएं राजपूती परिधान धारण किए हुए थी।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आसींद विधायक जब्बर सिंह सांखला ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम होते रहने चाहिए जिससे समाज की एकता आपसी प्रेम बना रहे।कार्यक्रम में कोटा जिलाध्यक्ष प्रेमसिंह गौड़, कवि राजेंद्र सिंह, मांडलगढ़ विधायक प्रतिनिधि रामेश्वर खंडेलवाल, पूर्व जिला परिषद सदस्य महेंद्र सिंह चौहान, पूर्व उप प्रधान बलवंत सिंह चौहान, भामाशाह रूप सिंह तंवर भी उपस्थित रहें। समाज के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम के बाद सामूहिक भोज का आयोजन किया गया।

## धौलपुर में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत 250 वाहन चालकों पर कार्रवाई

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)** जिले में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं पर रोक लगाने और यातायात अनुशासन को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में 04 नवंबर से 18 नवंबर तक विशेष सड़क सुरक्षा अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस ने कल जिलेभर में व्यापक वाहन जांच अभियान चलाते हुए 250 वाहन चालकों के विरुद्ध चालान कर कार्रवाई की। साथ ही करीब 800 लोगों को यातायात नियमों की पालना के लिए जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी थानाधिकारियों को यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। कार्रवाई के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ 26, तेजगति से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध 24, गलत दिशा में वाहन चलाने वाले 24, खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध 07, बिना रिफ्लेक्टर के चलने वाले 19, बिना नंबर प्लेट के 67 तथा अन्य 83 वाहनों के खिलाफ चालान किए गए। अभियान के दौरान दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने जिलेवासियों से अपील की है, कि स्वयं की और दूसरों की सुरक्षा हेतु यातायात नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करें। यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सिलावट गांव में रास्ता में भरा रहता है पानी पैदल जाने वाले आम नागरिकों का एवं स्कूली छात्र-छात्राओं का निकलना हो रहा बड़ा मुस्किल



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** राजाखेड़ा की पंचायत सिलावट के अंदर सिलावट गांव में मां सड़क पर जो सरकार के द्वारा लाखों रुपए खर्च कर बनवाई गई जिस पर ग्राम बस्ती का पानी आकर भरा रहता है जिसके कारण पैदल निकलने वाले आम नागरिकों को एवं स्कूली छात्र-छात्राओं को आवा गमन में काफी परेशानियों के सामने करने पड़ते हैं क्योंकि सड़क के दोनों तरफ काश्तकारों ने सड़क के किनारे सड़क से ऊंची करीबन डेढ़ 2 फीट ऊंची मिट्टी डाल रखी है जिसकी लंबाई करीब 100 मीटर है जिसमें गांव की नालियों का पानी बेकार आता है जो की एक मुसलमान एवं ठाकुर के मकान से लेकर आंगनबाड़ी केंद्र तक सड़क पर पानी पानी कीचड़ नजर आता है क्या संबंध ग्राम पंचायत ग्राम विकास अधिकारी या प्रशासन इस समस्या का समाधान कर स्कूली छात्र-छात्राओं एवं पैदल आवागमन करने वालों को राहत दिलाने का कार्य करेंगे।

## धौलपुर में 11 वर्षीय बालिका ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** सैपऊ थाना क्षेत्र के उमरारे गांव में बुधवार शाम एक 11 वर्षीय बालिका ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। मृतका की पहचान ज्योति पुत्री पप्पू जाट उम्र करीब 11 वर्ष निवासी उमरारे के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार बुधवार शाम ज्योति ने अपने पिता को खाना खिलाया था। इसके बाद पिता पप्पू जाट घर से बाहर चले गए। जब वह कुछ देर बाद लौटे तो देखा कि ज्योति कमरे के अंदर कुंडे से फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। परिजन उसे अचेत अवस्था में लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया है। परिजनों की तहरीर के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। घटना से गांव में शोक की लहर व्याप्त है, वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# वाहन चालकों को फूल देकर की समझाइए

### 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत आयोजन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)।** जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा जिला कलेक्टर श्री निधि बीटी व जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के दिशा निर्देशन में यातायात पुलिस के सहयोग से समझाया अभियान चलाया गया। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत भारी वाहन चालकों व चार पहिया वाहन चालकों के मध्य समझाइए अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर उन्हें यातायात नियमों संबंधित पंपलेट दी गई और उनसे यातायात नियमों के पालन करने का आग्रह किया गया। उन्होंने बताया कि अभियान में स्वयंसेवी संस्थाएं सहयोग प्रदान कर रही हैं। जिला यातायात प्रभारी बलविंदर सिंह ने बताया कि हमारे द्वारा गुलाब बाग चौराहा व वॉटर बॉक्स चौराहे पर अभियान चलाया गया तथा वाहन चालकों से समझाइए की गई। कि वे नशे की हालत में वाहन ना चलाएं, लगातार वाहन ना चलाएं। वाहन चलाते समय सदैव सीट बेल्ट का उपयोग करें। रोटेरियन डॉ निखिल अग्रवाल ने वाहन चालकों को गुड सेमिरिटेन योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आप सड़क पर घायल को गोल्डन आवर्स में चिकित्सालय पहुंच कर गुड सेमीरेटन के रूप में राजस्थान सरकार से सम्मान प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत एक अच्छे मददगार की भूमिका निभाएं और सरकार से प्रोत्साहन राशि प्राप्त करें। तथा घायल को चिकित्सालय पहुंचकर अपना मानव धर्म भी निभाएं। उन्होंने कहा कि लंबी रूट के वाहन चालक लगातार ड्राइविंग ना करें, तथा समय-समय पर अपनी आंखों का निरीक्षण करते रहे। परिवहन निरीक्षक गौरव सक्सेना ने बताया कि 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत विभाग द्वारा प्रतिदिन आयोजन कराए जाएंगे तथा बिना नंबर प्लेट के वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई विभाग द्वारा की जा रही है जो की निरंतर जारी रहेगी। कार्यक्रम में न्याय दर्शन संस्था के सचिव रंजीत दिवाकर, राजवीर सिंह, देवेंद्र गुर्जर मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## जल जीवन मिशन के तहत बनाई जाने वाली टंकी का निर्माण 8 महीने से पूरी तरह से बंद पड़ा हुआ है

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)** जिले के सर मथुरा उपखंड के ग्राम पंचायत खरौली में स्थित गांव बड़ा गांव में जल जीवन मिशन के तहत बनाई जाने वाली टंकी का निर्माण 8 महीने से पूरी तरह से बंद पड़ा हुआ है यह टंकी कई बार शिकायत करने के बाद थोड़ी सी बनवाई है फिर से उसे पर रोक लगाकर ठेकेदार मनमानी कर रहा है गांव में जल जीवन मिशन के तहत जो कनेक्शन होने थे उसमें 30' ही कनेक्शन हो पाए हैं 70 ' अभी भी कनेक्शन नहीं हो पाए हैं इसलिए लोग परेशान है जो पाइप लाइन 30 परसेंट में कनेक्शन किए हैं वह भी 10 परसेंट लाइन ऊपर डाल दी गई है जिससे लोगों को रोजाना आने-जाने में निकलने में परेशान हो रही है उसका भी कोई इंतजाम नहीं किया गया है जो पाइपलाइन ऊपर डाली गई है उसमें भी कोई कनेक्शन नहीं किया गया है जो गलियां में कनेक्शन के नाम पर सड़क को खोद दी गई थी वह अभी भी खुदी ही पड़ी हुई है किसी प्रकार की कोई काम नहीं कर रहे प्रशासन की अनदेखी की और मिली भगत की कारण ठेकेदार मौज उड़ा रहे हैं और जनता परेशान हो रही है जो गलियां खुदी के पटक दी हुई है वह आप खुद देख लो कीचड़ से त्राहिमाम होती हुई नजर आ रही कई बार ञ्श्वह्म् साहब को सरपंच द्वारा सूचना करने के बाद भी किसी प्रकार का कोई भी कार्य चालू नहीं हुआ हम कई बार मीडिया के माध्यम से इस विषय परअवगत करा चुकी हैं पर प्रशासन इस चीज की ओर ध्यान देना पसंद ही नहीं करता क्योंकि ठेकेदार और प्रशासन की मिली भगत के कारण ही जनता परेशान अतः जिला कलेक्टर महोदय से निवेदन है कि इस विषय पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए नहीं तो गांव वाले सभी इकट्ठे होके इस मुद्दे पर आंदोलन करेंगे क्योंकि ठेकेदार की मनमानी के कारण ही ना तो टंकी का निर्माण पूरा हो पाया है ना ही गांव में कनेक्शन हो पाए पड़ोसी गांव में नल कनेक्शन होने के बाद टंकी का निर्माण होने के बाद और उनकी 100' पेयजल की सुविधा चालू कर दी गई पर यहां पर किसी प्रकार का कोई कार्य नहीं हो पा रहा है क्या कारण है इसकी डिटेल जिला कलेक्टर महोदय खुद निकालो और जल्द ही टंकी का निर्माण कार्य करवाके 100' कनेक्शन किया जाए पेयजल चालू किया जाए ठेकेदार से बात करने के बाद ठेकेदार बोलता है कि 90' कनेक्शन कर चुके ह पर आप खुद गांव में आकर देखो 30 से 40' ही कनेक्शन हो पाए है।

## मोबाइल पर गेम खेलने से रोकने पर बच्चे ने लगाया मौत को गले

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर** जिले के कंचनपुर थाना क्षेत्र के कुरेंदा गांव में एक 13 वर्षीय बच्चे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना उसे मोबाइल पर गेम खेलने से रोकने के बाद हुई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। हेड कांस्टेबल कपिल शर्मा ने बताया कि बुधवार को कुरेंदा गांव निवासी राजवीर के पुत्र विष्णु (13) द्वारा फांसी लगाए जाने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से पूछताछ की। पूछताछ में परिजनों ने बताया कि विष्णु मोबाइल पर 'फ्री फायर' गेम खेल रहा था। जब उसके पिता ने उसे गेम खेलने से रोका, तो उसने गुस्से में आकर घर के कमरे में फांसी का फंदा लगा लिया। घटना के तुरंत बाद परिजन विष्णु को स्थानीय अस्पताल ले गए, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

## सैंपऊ के हरनाथ का नगला में श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय युवा एकता भारत के द्वारा बोलीवुड भोजपुरी एवं ब्रज सिनेमा के कलाकारों का हुआ भव्य स्वागत

जयपुर टाइम्स




**(निसं.)**सैंपऊ क्षेत्र के गांव हरनाथ का नगला में ब्रज भाषा की पहली फिल्म (किरदार) के पोस्टर विमोचन के लिए पधारे बोलीवुड अभिनेता रवि परिहार हास्य कलाकार देवकांत त्यागी भोजपुरी अभिनेता कृष्ण लाल यादव बृज सिनेमा अभिनेता बीनू यादव एवं श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय युवा एकता भारत के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ आरपी सिंह परमार का श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय युवा एकता भारत के संस्थापक कृष्णा परमार सैंपऊ के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया बॉलीवुड अभिनेता रवि परिहार ने बताया की किरदार फिल्म हमारे ब्रज क्षेत्र की पहली फिल्म है जो ब्रज की अपनी भाषा में आ रही है हास्य कलाकार देवकांत त्यागी ने कहा की किरदार फिल्म में ब्रज क्षेत्र की संस्कृति को बढ़ावा दिया गया है श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय युवा एकता भारत के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ आरपी सिंह परमार ने बताया की किरदार फिल्म किसी एक व्यक्ति की नहीं है यह फिल्म हर बृजवासी की है जो अपनी ब्रज की मातृभूमि से प्रेम करता है संस्थापक कृष्णा परमार सैंपऊ ने कहा की ब्रज क्षेत्र से बाहर जाने पर हमारे ब्रज वासियों का अपमान किया जाता है हमारी भाषा को गवार बोला जाता है किरदार फिल्म के माध्यम से हमको अपनी ब्रज की मीठी भाषा का प्रचार प्रसार इस देश के कोने कोने में करना है कार्यक्रम के मुख्य आयोजक श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय युवा एकता भारत के जिला सलाहकार देवेंद्र सिंह सिसोदिया रहे इस अवसर पर जिला सह संयोजक (युवा प्रकोष्ठ) हरेंद्र सिंह परमार जिला प्रभारी (युवा प्रकोष्ठ) नागेंद्र परमार जिला मंत्री (युवा प्रकोष्ठ) कर्म सिंह सिकरवार ब्लॉक अध्यक्ष सैंपऊ, सुखवेंद्र सिंह परमार ब्लॉक सलाहकार, सैंपऊ ओमकार परमार ब्लॉक प्रचारक, प्रदीप परमार ग्राम पंचायत अध्यक्ष पिपरौआ, दीपक परमार ग्राम अध्यक्ष हरनाथ का नगला, रिंकू परमार एवं अन्य संगठन कार्यकर्ता एवं सैकड़ो की संख्या में ग्रामवासी रहे मोजूद।

## भामाशाह चमड़िया का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़** सालासर धाम के सृजन सेवा सदन में पुणे निवासी लक्ष्मणगढ़ प्रवासी विष्णु चमड़िया के यजमानी में चल रही रामकथा में व्यासपीठ पर विराजमान महाराज श्रवनानन्द महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया एवं अग्ररत्न उपाधि से विभूषित भामाशाह विष्णु चमड़ियां का राम कथा में पहुंचकर अग्रवाल पंचायत समिति के अध्यक्ष विमल चिरानिया,पूर्व अध्यक्ष सुरेश मोदी, उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत चूड़ीवाला,ललित भूत,संदीप बजाज ने सम्मान किया।

## राजकीय कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को दिलाई तम्बाकू निषेध शपथ

### तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत आयोजित हो रही है जागरूकता गतिविधियां



**धौलपुर(निसं.)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाए जा रहे तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को तंबाकू निषेध की शपथ दिलाई साथ ही उन्हें परिवार और समाज को तंबाकू मुक्त बनाने हेतु प्रेरित किया। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. चेतराम मीणा ने बताया कि तंबाकू मुक्त युवा अभियान के अंतर्गत लगातार जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है जिसके तहत आज राजकीय कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को तंबाकू निषेध शपथ दिलाई तथा ज्यादा से ज्यादा लोगों को तंबाकू मुक्ति की शपथ दिलाने व तंबाकू के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान अभियान और अभियान के तहत प्रस्तावित गतिविधियों की जानकारी दी। साथ ही स्कूलों, शिक्षण संस्थानों में नाइन इंडिकेटर की पालना कराने और स्कूलों में होने वाली गतिविधियों को लेकर निर्देश दिए। डॉ. मीणा ने बताया कि जिले में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 12 दिसंबर तक चलाया जाएगा, जिसमें सघन जन जागरण गतिविधियों के साथ जिले के समस्त स्कूलों तथा ग्राम पंचायतों को तंबाकू मुक्त घोषित करवाया जाएगा। इसके लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी विभागों के समन्वय द्वारा यहां कोटपा एक्ट 2003 की समस्त धाराओं व तंबाकू फ्री गाइडलाइंस की शत-प्रतिशत पालना सुनिश्चित करवाई जा रही है।

## कागजौ मैं ही संचालित हो रहा है सिलावट का आंगनबाड़ी केंद्र लगे मिले ताले




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** राजाखेड़ा पंचायत समिति की पंचायत सिलावट के सिलावट गांव में ही आंगनबाड़ी केंद्र कागजों तक ही सीमित है जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब आंगनबाड़ी केंद्र का कार्य समय 10:00 बजे से 2:00 बजे तक है जब 11:00 बजे से 12:00 तक आंगनबाड़ी केंद्र का ताला लगा हुआ था तथा चार दिवारी के गेट पर कुंडी लगी मिली। हमारे संवाददातामौक पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया एवं दो चार व्यक्तियों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि यह केंद्र खुलता नहीं है क्योंकि इसमें सहायक द्वारा फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। केंद्र भी नहीं खुलता है इससे साबित होता है की सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र पर जो बच्चे रजिस्टर में इंद्राज हैं जिनकी टोटल खानापूर्ति की जाती है क्या संबंध अधिकारी इसकी निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई कर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ केंद्र पर बच्चों को दिलवाने का प्रयास करेंगे क्योंकि यदि इसी तरह कागजों में ही आंगनबाड़ी केंद्र संचालित होता रहा तो सरकार द्वारा दी जा रही योजना का लाभ बच्चों को नहीं मिल पाएगा।

## ग्राम स्तरीय जन सुनवाई में हुआ नाम शुद्धिकरण, अकनरी बनी अकबरी



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल एवं दूरदर्शी नेतृत्व में राज्य सरकार पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के संकल्प को साकार करने में जुटी हुई है। आमजन से जुड़ी प्रत्येक समस्या का प्राथमिकता से निस्तारण कर अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक त्वरित राहत प्रदान की जा रही है। नियमित रूप से की जा रही त्रि स्तरीय जनसुनवाई भी इसी दिशा में एक सार्थक कदम है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत सरानी में आयोजित जनसुनवाई में मिर्जापुर निवासी अकबरी ने परिवाद दायर किया कि उसके द्वारा बुधपुरा में जमीन खरीदी लेकिन जमाबंदी प्रतिलिपि में नाम अकनरी हो गया जबकि शुद्ध नाम अकबरी है इस पर उपस्थित अधिकारियों ने मौके पर ही प्रार्थी से आवश्यक दस्तावेजी साक्ष्य प्राप्त करते हुए प्रार्थी को राहत प्रदान करते हुए प्रार्थी के जमाबन्दी में शुद्धिकरण किया गया। प्रार्थी ने सरकार द्वारा चलाये जा रही जन सुनवाई कि भरपूर प्रशंषा की एवं माननीय मुख्यमंत्री महोदय राजस्थान सरकार, उपखण्ड अधिकारी एवं तहसीलदार का धन्यवाद् ज्ञापित किया।

## यातायात व्यवस्था सुचारू किए जाने की मांग

**बिजौलियां(निसं.)।** सामाजिक कार्यकर्ता दुर्गाशंकर छीपा ने उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर नगरपालिका द्वारा जारी किए जा रहे टेंडर की विज्ञप्ति को क्षेत्र के प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित किए जाने के साथ ही टेंडर में धांधली का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की।छीपा ने विंध्यवासिनी मंदिर से मेवाड़ा गेस्ट हाउस तक यातायात व्यवस्था सुचारू किए जाने की मांग भी कि ताकि आए दिन लगने वाले जाम से आमजन को परेशान नहीं होना पड़े।

**शपथ पत्र**

मैं बनवारी लाल पुत्र हेतराम मेघवाल निवासी राजासर पंवारान तहसील - भानीपुरा सरदारशहर मेरी पुत्री के आधारकार्ड में नाम व जन्म दिनांक भूलवश गलत दर्ज हो गया। मेरी पुत्री के सभी दस्तावेजों में अंकिता पुत्री बनवारी लाल व जन्म दिनांक 11-12-2010 सही व सत्य है। भविष्य में इनमें कोई कानूनी कार्रवाई होती है तो मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।

राजस्थान सरकार

**कार्यालय प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं सदस्य सचिव, मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी राजकीय जयपुरिया चिकित्सालय, जयपुर**

क्रमांक :- Actt/Microbiology/2025/2048 दिनांक- 27/10/25

**Notice Invitid E- Bid( 2025-26)**

Bids for Annual Rate Contract Regents BACT/ALERT PF & FA PLUSE Regents for Department of Microbioology Jaipur are invited from interested bidders Date. 10.11.2025 Time. 11.00 up to Other particulars Details of the bid may be visited on the procurement portal http//sppp.raj.nic.in) of the state.
UBN- MHS2526GSRC04669
Est Cost 3.50 lacs

**PMO & MS**
**Govt RDBP Jaipuria Hospital**
**Jaipur**

DIPR/C/16042/2025

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, फुलेरा जिला जयपुर**

क्रमांक :- न. पा. फु/2025-26/2010 दिनांकः- 04/11/2025

**आपत्ति सूचना**

एतद् द्वारा हितवद्ध, व्यक्ति विशेष आम खास को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्तियों ने निम्नांकित ईजाजत हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है।

| क्र.स. | प्रार्थी का नाम | स्थान | क्षेत्रफल वर्गगज | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती चम्पा देवी पत्नि श्री बंशीलाल | आवासीय भूखण्ड वाके गोरधनपुरा फुलेरा | 185.66 | नामान्तरण |
| 2. | सुश्री सपना अग्रवाल पुत्री अशोक कुमार | प्लाट न 21 वाके दीप सुन्दर नगर नरैना रोड फुलेरा | 83.33 | नामान्तरण |

किसी भी व्यक्ति को उपरोक्तानुसार निम्नांकित ईजाजत बावत आपत्ति हो तो आपत्ति आमंत्रण सूचना जारी होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर मयाद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षकर्त्ता को प्रस्तुत करावे। बाद मयाद गुजरने आपत्ति मान्य नही होगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका मण्डल, फुलेरा**

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
7 नवम्बर, 2025


## उप निरीक्षक दूरसंचार परीक्षा (गृह विभाग) के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

### राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर द्वारा 9 नवम्बर को किया जाएगा परीक्षा का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर द्वारा दिनांक 9 नवम्बर को सामान्य हिन्दी का प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं जनरल नॉलेज और जनरल साइन्स दोपहर 3 बजे से सांय 5 बजे तक जयपुर जिले में उप निरीक्षक दूरसंचार परीक्षा (गृह विभाग) का आयोजन 121 परीक्षा केंद्रो पर किया जाएगा। परीक्षा समन्वयक व अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) संजय कुमार माथुर ने बताया कि परीक्षा में जयपुर में उप निरीक्षक दूरसंचार परीक्षा (गृह विभाग) में 40 हजार 65 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षाओं के सुचारू एवं सफल संचालन हेतु कलेक्ट्रेट, जयपुर के कक्ष नं0 116 में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जो दिनांक 07 नवंबर एवं 8 नवंबर को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक व परीक्षा दिवस 09 नवम्बर को प्रातः 7:30 बजे से परीक्षा उपरान्त तक नियंत्रण कक्ष से सम्बन्धित समस्त कार्य पूर्ण होने तक कार्य करेगा। जयपुर स्थित परीक्षा केन्द्रों के लिए नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 0141-2206699 रहेगा। उक्त नियंत्रण कक्ष पर जयपुर में स्थापित किये गए परीक्षा केंद्रों से संबंधित जानकारियां प्रदान की जाएंगी एवं जयपुर स्थित परीक्षा केंद्रों से संबंधित शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा। परीक्षा के आयोजन के लिए पुलिस, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, नागरिक सुरक्षा विभाग, नगर निगम, यातायात पुलिस, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, नागरिक सुरक्षा विभाग, विद्युत विभाग, रोडवेज, जेसीटीसीएल सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

## खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री का पलटवार बयान

### डोटासरा जी अंता उपचुनाव में भी थारा मोरिया बोलसी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा जी सदैव अनर्गल बयानबाजी करते है। उन्होंने कहा कि डोटासरा जी को याद रखना चाहिए कि कांग्रेस की सरकार में 5 साल तक अशोक गहलोत की कुर्सी बचाने के लिए गुटबाजी चली और यह आज तक चल रही है। कांग्रेस अलग-अलग गुटों डोटासरा कांग्रेस, गहलोत कांग्रेस, पायलट कांग्रेस, टीकाराम जूली कांग्रेस में बटी हुई है। गोदारा ने कहा कि अंता में भारतीय जनता पार्टी का आज रोड़ शो हुआ। मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा जी, पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे और पार्टी का यह ऐतिहासिक रोड शो था। जो भारतीय जनता पार्टी की अंता उपचुनाव में भारी मतों से जीत का संकेत है। उन्होंने कहा कि पिछले साल के उपचुनाव की तरह ही भारतीय जनता पार्टी अंता उपचुनाव भी जीतेंगी। डोटासरा जी, लोगा का मोरिया बुलावता, पिछला उप चुनाव में थारा मोरिया बोल्या। अब की अंता में भी थारा मोरिया बोलसी।

## निरंतर मिलाप टीम जयपुर पहुँची, भूतपूर्व सैनिकों से किया संवाद

### भूतपूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों की समस्याओं के समाधान हेतु अभियान

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों तथा उनके आश्रितों की पेंशन एवं कल्याण से संबंधित समस्याओं के निवारण हेतु मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री रेजिमेंट की 'निरंतर मिलाप टीम' जयपुर पहुँची। यह टीम देशभर में भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों से सतत संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'मिशन निरंतर मिलाप' कार्यक्रम का महत्वपूर्ण अंग है। रेजिमेंट के कर्नल ऑफ द रेजिमेंट लेफ्टिनेंट जनरल पी.एन.एस. शेखावत, पीवीएसएम, एवीएसएम, एसएम के निर्देशन में इस टीम को मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री सेंटर एंड स्कूल, अहमदनगर से रवाना किया गया। टीम ने 06 नवम्बर को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, जयपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके आश्रितों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएँ सुनीं और आवश्यक सुझाव दिए। यह अभियान सेंटर कमांडेंट ब्रिगेडियर पी. सुनील कुमार, एसएम तथा चीफ रिकॉर्ड ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल अशोक कुमार के मार्गदर्शन में संचालित है। निरंतर मिलाप टीम देश के विभिन्न जिलों में पहुँचकर भूतपूर्व सैनिकों के घर-घर जाकर उनकी पेंशन, वेलफेयर एवं रिकॉर्ड संबंधी समस्याओं का समाधान कर रही है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रेजिमेंट के भूतपूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों ने भाग लिया और इस पहल की सराहना की। 'मिशन निरंतर मिलाप' अभियान आगामी एक वर्ष तक पूरे देशभर में चरणबद्ध रूप से संचालित किया जाएगा।

## बीज वितरण समय पर करने की मांग

**जयपुर टाइम्स/सुजानगढ़(नि.सं.)।** अखिल भारतीय किसान सभा के तहसील अध्यक्ष तेजपाल गोदारा ने एडीएम को एक ज्ञापन प्रेषित कर समय पर बीज वितरण की व्यवस्था करवाये जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि सुजानगढ़, बीदासर तहसील में बारानी फसल, चना, सरसों आदि का वितरण राजस्थान सरकार की ओर से किसानों को किया जा रहा है। लेकिन कृषि र्प्यवेक्षकों की ड्यूटी गिरदारवरी जांच में लगा दी गई हैं, जिसके कारण समय पर किसानों को बीज नहीं मिल पाता। इसलिए कृषि पर्यवेक्षकों की ड्यूटी बीज वितरण में ही लगाई जाकर किसानों को राहत प्रदान की जावे।

### मुख्य सचिव की जनसम्पर्क सेवा के अधिकारियों के साथ वीसी,

# जनता को सूचना मिले, समय पर मिले, सही मिले और सरल भाषा में मिले- मुख्य सचिव

### सीएस ने जनसंपर्क अधिकारियों को ऑनरशिप के साथ कार्य का दायरा बढ़ाने के लिए निर्देश सूचना एवं जनसंपर्क विभाग है सरकार की आंख, नाक और कान



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के आधारभूत ढांचे के विकास और आमजन के कल्याण के लिए ऐतिहासिक कार्य कर रही है। ऐसे में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के लिए राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों और उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार की असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने जनसंपर्क सेवा के अधिकारियों को संबंधित जिलों और विभागों में ऑनरशिप लेकर प्रोएक्टिव और अग्रेसिव एप्रोच के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने खबरों में कंटेंट को महत्व देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अगर कंटेंट में ह्यूमन एंगल होगा तो वह लोगों को पसंद आएगा। उन्होंने जनसम्पर्क सेवा के अधिकारियों को नैरेटिव निर्माण और इमेज बिल्डिंग के लिए बढ़-चढ़कर भागीदारी के निर्देश दिए। मुख्य सचिव पंत गुरुवार को शासन सचिवालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के तहत सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनसम्पर्क सेवा के अधिकारियों पर कार्यक्रमों व गतिविधियों के कवरेज के साथ-साथ जनता में विश्वास और विश्वसनीयता का संचार करने का महती दायित्व है।मुख्य सचिव ने कहा कि अधिकारी कार्य के दायरे को बढ़ाते हुए अपने विभागों और जिलों में सचिव, कलक्टर एवं मंत्रीगण के सलाहकार की भूमिका अपनाते हुए प्रचार-प्रसार के लिए कार्य करें। उन्होंने गलत खबरों को वेरीफाई कर समयबद्ध तरीके से उनके फैक्ट चैक, खंडन, तथ्यात्मक रिपोर्ट जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने फैक्ट चैक और खंडन जैसी कार्यवाही से सभी प्रकार के मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित गलत खबरों के संदर्भ में वास्तविक और तथ्यात्मक स्थिति पर आधारित समाचार तैयार कर आमजन तक सही-सही जानकारी प्रसारित करने पर भी बल दिया। साथ ही मीडिया स्ट्रेटेजी बनाकर प्रचार-प्रसार के कार्यों को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के युग में जनसंपर्क अधिकारी का रोल और अधिक अहम और उनकी जवाबदेही 24x7 हो जाती है। अतः गलत एवं भ्रामक खबरों को रोकने के लिए ये आवश्यक है कि आमजन तक भ्रामक और तथ्यहीन खबरों की सही जानकारी समयबद्ध रूप से पहुंचे। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की रीच बढ़ाने के लिए टारगेटेड एप्रोच के साथ समयबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खबरों में कंटेंट को प्रभावी बनाने के लिए तथ्यों, विकास कार्यों और उपलब्धियों की गत वर्षों से तुलना कर खबर को तुलनात्मक एवं सकारात्मक संदर्भ रूप में जारी करें। उन्होंने सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग को राज्य सरकार की आंख, नाक, कान बताते हुए भ्रामक एवं तथ्यहीन नकारात्मक खबरों पर संबंधित विभाग का पक्ष पूरी बेबाकी से रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को फोटो, वीडियो, उपलब्धियों और सफलता की कहानियों का निरंतर संकलन कर कंटेंट बैंक तैयार करने के निर्देश दिए, जिससे महत्वपूर्ण अवसरों पर विशेष कंटेंट निर्माण में उनका उपयोग हो सके। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के विज्ञापनों में प्रभावी कंटेंट का समावेश कर उन्हें और अधिक सारगर्भित बनाएं। इससे पहले सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के आयुक्त एवं शासन सचिव संदेश नायक ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के प्रचार-प्रसार कार्यों एवं गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। बैठक में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) डॉ. गोरधन लाल शर्मा, अतिरिक्त निदेशक (पुलिस मुख्यालय) डॉ. कमलेश शर्मा, अतिरिक्त निदेशक (सूजस) सु नर्बदा इंदोरिया, संयुक्त निदेशक मनमोहन हर्ष, जसराम मीणा, रजनीश शर्मा, उपनिदेशक तरुण जैन, ओटाराम चौधरी, अजय कुमार, विजय खंडेलवाल, मुख्य फोटो अधिकारी छोटूलाल जीनगर एवं सहायक निदेशक आशीष कुमार जैन उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश के समस्त जिला जनसंपर्क कार्यालयों के जनसम्पर्क सेवा के अधिकारी एवं विभागों में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत जनसम्पर्क सेवा के अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े।

## पीएम मोदी कल 4 नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(निसं.)।** भारत के आधुनिक रेल बुनियादी ढांचे के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी का दौरा करेंगे और चार नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। यह विश्वस्तरीय रेल सेवाओं के माध्यम से नागरिकों को आसान तेज़ और अधिक आरामदायक यात्रा प्रदान करने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने में एक और मील का पत्थर है। नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें बनारस-खजुराहो, लखनऊ-सहारनपुर, फिरोजपुर-दिल्ली और एर्नाकुलम-बेंगलुरु मार्गों पर चलेंगी। प्रमुख गंतव्यों के बीच यात्रा के समय को उल्लेखनीय रूप से कम करके, ये ट्रेनें क्षेत्रीय गतिशीलता को बढ़ाएंगी पर्यटन को बढ़ावा देंगी और देश भर में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देंगी। बनारस-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस इस मार्ग पर सीधी कनेक्टिविटी स्थापित करेगी और वर्तमान में चल रही विशेष ट्रेनों की तुलना में लगभग 2 घंटे 40 मिनट की बचत करेगी। बनारस-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस भारत के कुछ सबसे प्रतिष्ठित धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों, जैसे वाराणसी, प्रयागराज ,चित्रकूट और खजुराहो को जोड़ेगी। यह संपर्क न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देगा बल्कि तीर्थयात्रियों और यात्रियों को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल खजुराहो तक एक तेज़ आधुनिक और आरामदायक यात्रा भी प्रदान करेगा। लखनऊ-सहारनपुर वंदे भारत एक्सप्रेस लगभग 7 घंटे 45 मिनट में यात्रा पूरी करेगी जिससे यात्रा समय में लगभग 1 घंटे की बचत होगी। लखनऊ-सहारनपुर वंदे भारत एक्सप्रेस से लखनऊ, सीतापुर, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, बिजनौर और सहारनपुर के यात्रियों को बहुत लाभ होगा, साथ ही रुड़की होते हुए हरिद्वार तक उनकी पहुँच भी बेहतर होगी। मध्य और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सुगम और तेज़ अंतर-शहर यात्रा सुनिश्चित करके यह सेवा कनेक्टिविटी और क्षेत्रीय विकास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। फिरोजपुर-दिल्ली वंदे भारत इस रूट पर सबसे तेज़ ट्रेन होगी जो यह यात्रा मात्र 6 घंटे 40 मिनट में पूरी करेगी। फिरोजपुर-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस राष्ट्रीय राजधानी और पंजाब के प्रमुख शहरों जिनमें फिरोजपुर, बठिंडा और पटियाला शामिल हैं के बीच संपर्क को मज़बूत करेगी। इस ट्रेन से व्यापार पर्यटन और रोज़गार के अवसरों को बढ़ावा मिलने सीमावर्ती क्षेत्रों के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान और राष्ट्रीय बाज़ारों के साथ बेहतर एकीकरण को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। दक्षिण भारत में एर्नाकुलम-बेंगलुरु वंदे भारत यात्रा के समय को 2 घंटे से ज़्यादा कम कर देगी जिससे यह यात्रा 8 घंटे 40 मिनट में पूरी होगी। एर्नाकुलम-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस प्रमुख आईटी और वाणिज्यिक केंद्रों को जोड़ेगी जिससे पेशेवरों छात्रों और पर्यटकों को तेज़ और अधिक आरामदायक यात्रा का विकल्प मिलेगा। यह रूट केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक के बीच आर्थिक गतिविधियों और पर्यटन को बढ़ावा देगा जिससे क्षेत्रीय विकास और सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।

## सिंधी समाज ने की अमित बघेल को गिरफ्तार करने की मांग...

### रैली निकालकर किया प्रदर्शन, सौंपा केंद्रीय गृह मंत्री के नाम ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सिंधी समाज के इष्टदेव भगवान श्री झूलेलाल के लिए एवं पूरे सिंधी समाज के लिए गलत एवं निंदनीय टिप्पणी करने वाले छतीसगढ़ जोहार पार्टी प्रमुख अमित बघेल को अरेस्ट करने की मांग की गई है। सिंधी समाज की महिलाओं और पुरुषों ने गणेश मंदिर से लेकर उपखंड कार्यालय तक रैली निकालकर आक्रोश जताया और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नाम उपखंड कार्यालय में ज्ञापन देकर अमित बघेल को गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने की मांग की। सिंधी समाज के लोगों ने कहा कि इस प्रकार के लोग सस्ती लोकप्रियता के चक्कर में देश में सामाजिक सद्भाव बिगाड़ना चाहते हैं। सिंधी समाज महिला अध्यक्ष सुनीता रावतानी ने बताया की पूरे भारत में सिंधी समाज अमित बघेल के इस गलत बयान से खफा है और उनकी गिरफ्तारी की मांग कर रहा है। सिंधी नवयुवक मंडल के अध्यक्ष नरेश जगवानी ने बताया कि समाज के खुशीराम चांदरा, मुकेश रावतानी, दिनेश, सनी, श्याम जगवानी, गोविंद, कन्हैयालाल मूलचंदानी, गौरव, दिलीप जगवानी, रमेश, खूबचंद मखीजा, हरिश केशवानी, चंद्रभान, बंटी सचदेव, जगदीश वासवानी, मुकेश, धर्मेंद्र जामाई, मनीष कटारिया, शैलेंद्र बागवानी, अर्जुन गोलानी, नितेश सचदेवा, राजाराम तोलानी, साहेब रावतानी, किशन मूलचंदानी, दिलीप सेवकानी, सनी राघवानी, सुनीता, चंदा, साधना चित्रा जगवानी, मीना थदानी, मुकेश रावतानी, सरला वासवानी, माया आडवाणी, तमन्ना, भव्या, रितु, सपना तोलानी, भाविका मोटवानी, लता कटारिया, जानकी पंजाबी, रीता गोलानी, मन्नू सिंधी सहित अनेक समाज बन्धुओं ने रैली में भाग लिया और अमित बघेल के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जय झूलेलाल के जयकारे भी लगाए।

## अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत धौलपुर इकाई द्वारा 5 नवम्बर 2025 को एस.एन. कॉलेज, बाड़ी रोड, धौलपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया




**धौलपुर(निसं.)।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत धौलपुर इकाई द्वारा 5 नवम्बर 2025 को एस.एन. कॉलेज, बाड़ी रोड, धौलपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय विधि आयाम सह प्रमुख डॉ. संदीप पंड्या (अहमदाबाद) एवं उत्तर पश्चिम क्षेत्र संगठन मंत्री (गुजरात एवं राजस्थान) तथा प्रांत उपाध्यक्ष एडवोकेट शिशुपाल यादव ने मुख्य रूप से उपस्थित रहकर संगठनात्मक कार्यों व राष्ट्रहित में ग्राहक जागरण के महत्व पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत धौलपुर इकाई के जिला अध्यक्ष बलबीर सिंह राणा ने की। सम्मेलन में संगठन विस्तार एवं सशक्तिकरण हेतु विभिन्न कार्यकर्ताओं को दायित्व प्रदान किए गए।इसी क्रम में संगठन द्वारा धौलपुर जिले के युवा एवं सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता ऋषि शर्मा को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत धौलपुर इकाई में युवा जिला अध्यक्ष के महत्वपूर्ण दायित्व पर मनोनीत किया गया।उल्लेखनीय है कि अभी हाल ही में ऋषि शर्मा को राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ धौलपुर का जिला अध्यक्ष भी निर्वाचित किया गया है। निरंतर जनसेवा, संगठनात्मक सक्रियता और सामाजिक सरोकार के प्रति उनकी समर्पित भावना को देखते हुए यह जिम्मेदारी उन्हें प्रदान की गई है।इस अवसर पर संगठन से जुड़े पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिन्होंने तालियों की गड़गड़ाहट और पुष्प वर्षा कर ऋषि शर्मा का आत्मीय स्वागत किया और आगामी कार्य योजनाओं पर मिलकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया।धौलपुर इकाई एवं समस्त कार्यकर्ता परिवार की ओर से ऋषि शर्मा को युवा जिला अध्यक्ष पद की हार्दिक बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं।

## ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई, 15 डंपरों के काटे चालान

जयपुर टाइम्स



**पाटन(कासं.)।** जयपुर में हाल ही में हुई घटना के बाद प्रदेश सरकार ने ओवरलोड वाहनों पर नकेल कसनी शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर गृह मंत्रालय जयपुर द्वारा गठित संयुक्त टीम ने प्रदेशभर में औचक कार्रवाई शुरू कर दी है।4 नवम्बर की आधी रात से चल रही इस विशेष मुहिम में नीमकाथाना क्षेत्र के माइनिंग जोन में मैसेनरी स्टोन का अवैध परिवहन करते 13 डंपरों को जब्त किया गया। वहीं पाटन पुलिस ने भी दो ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान काटे।संयुक्त टीम में एसएमई जयपुर एन.एस. शक्तावत, विजिलेंस अधिकारी प्रताप मीणा के नेतृत्व में गोपनीय तरीके से छापेमारी की गई। टीम में एमई अलवर मनोज शर्मा, एएमई दौसा एल.सी. मीणा, पाटन थानाधिकारी विद्याधर शर्मा,जयपुर से सुभाष डांगी, माइनिंग विभाग के 9 फोरमैन और 21 होमगार्ड शामिल रहे।डीएमजी महावीर प्रसाद मीणा द्वारा बनाई गई विशेष टीम ने औचक निरीक्षण कर डंपरों को पाटन थाने के सुपुर्द किया। नीमकाथाना के कालाकोटा क्षेत्र में मैसेनरी स्टोन के नाम पर आयरन ओर के अवैध खनन की भी जांच शुरू कर दी गई है।इसी क्रम में झुंझुनूं के खेतड़ी क्षेत्र में भी आधी रात को पेट्रोलिंग की गई। प्रमुख सचिव (माइंस) टी. रविकांत लगातार सख्त कार्रवाई के निर्देश दे रहे हैं। प्रशासनिक सख्ती के बाद खनन माफियाओं और वाहन मालिकों में हड़कंप मचा हुआ है।

## जिला घोषणा दिवस मनाने की शुरुआत




**जयपुर टाइम्स/सुजानगढ़(नि.सं.)।** जय सुजला बनाओ जिला अभियान के तहत हर महीने की 6 तारीख को जिला घोषणा दिवस मनाते हुए सुजला जिला बनाने के लिए सत्याग्रह करने की शुरुआत की गई है। सुजला महा सत्याग्रह के संयोजक श्रीराम भामा के नेतृत्व में स्थानीय गांधी चौक में सत्याग्रही इकट्ठा हुए और 6 अक्टूबर 2023 को सुजानगढ़ जिले की घोषणा रुपी सर्व समाज द्वारा लंबे समय से जारी शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन की उपलब्धि से प्रेरणा लेते हुए हर महीने की 6 तारीख को जिला घोषणा दिवस मनाने का निश्चय किया गया। इस दौरान जिले को लेकर नारेबाजी की गई। सुजला सत्याग्रही विजयपाल श्योराण ने कहा कि 6 अक्टूबर 2023 को पिछली कांग्रेस सरकार द्वारा सुजलांचल, विशेष कर सुजानगढ़ के सर्व समाज के लंबे समय से जारी आंदोलन के प्रभाव में आकर और विधानसभा व लोकसभा चुनावी फायदा लेने के लिए सुजानगढ़ जिला बनाने की घोषणा की थी, जिसका गजट नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया और उसके द्वारा सुजला जिले की एकता को तोड़ने का भी प्रयास किया गया था, फिर भी यह पिछले कई दशकों से जारी जन आंदोलन की एक बड़ी उपलब्धि मानते हुए हमने जिला घोषणा का भरपूर स्वागत किया था, और चाहा था कि गजट नोटिफिकेशन और जिले का क्षेत्र तय करते समय सुजला जिला बनाते हुए सुजानगढ़, लाडनूं, बिदासर, सालासर सबको शामिल किया जाए। लेकिन वर्तमान सरकार ने जिला निर्माण कमेटी को रद्द करके घोषित जिले की भ्रूण हत्या की कोशिश की है। इस दौरान अशोक कुमार टाक, दीपाराम सांडेला, राजकुमार नाई, छोटू राम प्रजापत, जितेंद्र कुमार सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## पुलिस उपाधीक्षक अनिल कुमार को कामगार समाज रतनगढ़ ने दी विदाई



**जयपुर टाइम्स/रतनगढ़(निसं.)।** हम कामगार समाज रतनगढ़ की ओर से पुलिस उप अधीक्षक अनिल कुमार का स्थानांतरण अन्यत्र होने पर विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गुरुवार को प्रजापति भवन रतनगढ़ में मोहनलाल सैनी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।भव्य सम्मान और उपस्थिति कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस उप अधीक्षक अनिल कुमार रहे, जिनका लक्ष्मीनारायण सीमार, राजेंद्र कुमार नोखवाल, ओमप्रकाश सीमार, व गोविंद प्रसाद बबेरवाल ने माला, शाल, साफा और दुपट्टा भेंट कर गर्मजोशी से सम्मान किया। मंच पर पुलिस उप अधीक्षक अनिल कुमार के साथ संरक्षक श्रवण कुमार सोडा, तुलसीराम प्रजापत, लक्ष्मीनारायण सीमार आदि गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन हम कामगार समाज के सचिव डॉ. बृज दीपक स्वामी ने दिया, जबकि कार्यक्रम का सफल संचालन राजेंद्र कुमार मारोठिया ने किया। विदाई समारोह में विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं व्यापारियों द्वारा पुलिस उप अधीक्षक अनिल कुमार का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से रांकावत हितकारिणी सभा, प्रजापति जागृति मंच, प्रजापति सेवा समिति, अनुसूचित जाति एवं जनजाति समाज संगठन, बुद्ध एवं डॉ. अम्बेडकर जयंती समारोह समिति रतनगढ़, और प्रजापति समाज रतनगढ़ के पदाधिकारी गण शामिल रहे। सभी संगठनों ने उप अधीक्षक के कार्यकाल की सराहना की और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए।इस अवसर पर ललित रांकावत, अनिल कुमार भोभरिया, राजेंद्र कुमार बबेरवाल, भीवराज भोभरिया, फकीर चंद दानोदिया, किशनलाल प्रजापत, विधाधर सिंह बेरवाल, नंदलाल सैनी, सत्यनारायण सुथार, गोपाल प्रजापत, जे पी भाटी, सुनील कुमार मारोठिया, लालचंद पंवार, जीतू अनिल कुमार सियोता, अश्विनी सैनी, लक्ष्मण प्रजापत, राजेश कुमार गहलोत, दिनेश कुमार कुमावत, के डी पठान, हनुमान बारवाल, केशरदेव, मोहनलाल बारवाल सहित सैकड़ों की संख्या में प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे ।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।